


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग

साझा करें अपने मित्रों से

संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल




वर्ष- 13, अंक - 132 | श्रीकंचनपथONLINE | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, रविवार 27 फरवरी 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-




### मन की बातः 200 से अधिक कीमती मूर्तियों को सफलतापूर्वक वापस लाया गया, पीएम मोदी ने कहा-

# दुनिया समझने लगी अहमियत

## पीएम ने देशवासियों को दी होली की शुभकामना, कहा- स्वदेशी उत्पादों का इस्तेमाल कर मनाएं पर्व

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रूस-यूक्रेन युद्ध और पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' को संबोधित कर रहे हैं। अपने संबोधन के दौरान सबसे पहले उन्होंने भारत से चोरी हुई मूर्तियों को देश में वापस लाने पर बात की। पीएम मोदी ने कहा कि पिछले सात वर्षों में, भारत ने 200 से अधिक कीमती मूर्तियों को सफलतापूर्वक वापस लाया है और यह सफलता भारत के प्रति बदल रहे वैश्विक नजरिए का एक उदाहरण है। पीएम मोदी ने कहा कि कुछ वर्ष पहले तमिलनाडु के वेल्लूर से भगवान आंजनेय्यर, हनुमान जी की प्रतिमा चोरी हो गई थी। हनुमान जी की ये मूर्ति भी 600-700 साल पुरानी थी। इस महीने की शुरुआत में, ऑस्ट्रेलिया में हमें ये प्राप्त हो गई। इसके अलावा इस महीने की शुरुआत में भारत इटली से अपनी एक बहुमूल्य धरोहर को लाने में सफल हुआ है। ये धरोहर अवलोकितेश्वर पद्मपाणि की हज़ार साल से भी ज़्यादा पुरानी प्रतिमा है। ये मूर्ति कुछ वर्ष पहले बिहार में गया के देवी स्थान कुंडलपुर मंदिर से चोरी हो गई थी। पीएम मोदी ने कहा कि हमारे इतिहास में, देश के कोने-कोने में एक-से-बढ़कर एक मूर्तियां हमेशा बनती रहीं, इसमें श्रद्धा भी थी, सामर्थ्य भी था, कौशल्य भी था और विवधताओं से भरा हुआ था एवं हमारे हर मूर्तियों के इतिहास में तत्कालीन समय का प्रभाव भी नजर आता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम में देश और दुनिया के सामने आ रही चुनौतियों का जिक्र किया है। मन की बात के पहले उन्होंने देशवासियों से उनके विचार भी मांगे थे। अपने एक ट्वीट में उन्होंने लोगों से कहा था कि वो 27 फरवरी को प्रसारित होने वाले इस कार्यक्रम के लिए अपना रिकार्ड मैसेज या विचार नमो एप पर भेजें। पीएम मोदी ने कहा कि आने वाले समय में देशवासी होली के पर्व के लिए जुट जाएंगे। पीएम ने इसकी शुभकामनाओं के साथ इसको सतर्कता से भी मनाने की अपील की। साथ ही ये भी कहा कि इस मौके पर लोग अधिक से अधिक स्वदेशी चीजों को खरीदें और उनका इस्तेमाल करें।

### चोरी हुई मूर्तियों को वापस लाना, भारत मां के प्रति हमारा दायित्वः पीएम मोदी



पीएम मोदी ने कहा कि अतीत में बहुत सारी मूर्तियां चोरी होकर भारत से बाहर जाती रहीं। कभी इस देश में, तो कभी उस देश में ये मूर्तियां बेचीं जाती रहीं। न उनको उसके इतिहास से लेना देना था, श्रद्धा से लेना देना था। इन मूर्तियों को वापस लाना, भारत मां के प्रति हमारा दायित्व है।

### मां की तरह मातृभाषा भी हमारे जीवन को गढ़ती है

जो विद्वान लोग हैं, वो मातृभाषा शब्द कहां से आया इसकी उत्पत्ति कैसे हुई, इसे लेकर बहुत अकादमिक इनपुट दे सकते हैं। जैसे हमारे जीवन को हमारी मां गढ़ती है, वैसे ही मातृभाषा भी हमारे जीवन को गढ़ती है। जैसे हम अपनी मां को नहीं छोड़ सकते वैसे ही अपनी मातृभाषा को भी नहीं छोड़ सकते।



### पीएम ने तंजानिया के भाई-बहन द्वारा भारतीय संगीत गाने की प्रशंसा की

तंजानिया के भाई-बहन किलि पॉल और उनकी बहन नीमा ये बहुत चर्चा में हैं और मुझे पक्का भरोसा है आपने भी उनके बारे में जरूर सुना होगा। उनके अंदर भारतीय संगीत को लेकर एक जुनून है, एक दीवानगी है और इसी वजह से वे काफी लोकप्रिय भी हैं। पीएम मोदी ने कहा कि हाल ही में गणतंत्र दिवस के अवसर पर हमारा राष्ट्रगान 'जन गण मन' गाते हुए उनका वीडियो खूब वायरल हुआ था। कुछ दिन पहले उन्होंने लता दीदी का गाना गाकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी थी। मैं दोनों भाई-बहन की क्रिएटिविटी की सराहना करता हूं।

# नक्सल विरोधी अभियान को बड़ी सफलता, बीजापुर में 6 नक्सली हुए गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने अलग-अलग घटनाओं में छह नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। बीजापुर जिले के पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले के बीजापुर और आवापल्ली थाना क्षेत्रों में पुलिस ने छह नक्सलियों को गिरफ्तार किया है।

### चलाया जा रहा है नक्सल विरोधी अभियान

अधिकारियों ने बताया कि जिले में नक्सल विरोधी अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत 24 फरवरी को डीआरजी और जिला बल के संयुक्त दल को पदेड़ा और चेरपाल गांव की ओर रवाना किया गया था। पदेड़ा गांव के करीब दल ने चार नक्सलियों, सोनू कोरसा (35), मुन्ना हपका (37), मंगल कोरसा (26) और सोनू हपका (27) को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार नक्सलियों से दो टिफिन बम, डेटोनेटर, कार्डेक्स



वायर, बिजली का तार, माओवादी साहित्य और अन्य सामान बरामद किए गए।

### कई नक्सली घटनाओं में शामिल

अधिकारियों के मुताबिक इस दौरान पुलिस दल ने रेगड़गट्टा पारा से एक नक्सली कोरसा सन्नू (30) को भी गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि एक अन्य घटना में पुलिस दल ने शुक्रवार को आवापल्ली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आवापल्ली और मुरदण्डा गांव के मध्य नक्सली सुखराम कारम (30) को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार नक्सलियों के खिलाफ पुलिस दल पर हमला, हत्या, मशीनों और वाहनों में आगजनी समेत अन्य नक्सली घटनाओं में शामिल होने का आरोप है।

## सीआरपीएफको मिली सफलता, मुठभेड़ में दो महिला नक्सली ढेर

बीजापुर। बीजापुर में जिला रिजर्व गार्ड और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के साथ मुठभेड़ में रविवार की सुबह दो महिला नक्सली को ढेर कर दिया गया। बस्तर रेंज के आईजी पी सुंदरराज ने मुठभेड़ की जानकारी दी। आईजी पी सुंदरराज ने बताया कि मुठभेड़ नईद थाना क्षेत्र के जाबेली गांव के पास जंगल में सुबह के करीब 6 बजे हुई। उस समय विभिन्न सुरक्षा बलों की एक संयुक्त टीम जंगल में नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी।

उन्होंने बताया कि जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और सीआरपीएफ के जवानों ने शनिवार रात को एक गुप्त सूचना के आधार पर राज्य की राजधानी रायपुर से 450 किलोमीटर दूर स्थित जबेली, दुर्धा और मोसला गांवों की ओर नक्सल विरोधी अभियान शुरू किया था। उन्होंने बताया कि रविवार को सुबह गश्त करने के दौरान टीम सशस्त्र उग्रवादियों के एक समूह से आमने-सामने आ गई और इसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। जब गोलीबारी बंद हुई तो मौके से 2 महिला नक्सली के शव, 12 बोर की एक बंदूक, एक नौ एमएम की पिस्तौल, कॉर्डेक्स वायर, विस्फोटक सामग्री और नक्सलियों का अन्य सामान बरामद हुआ है। इलाके में सुरक्षा बल भेज दिया गया है और तलाशी अभियान अभी भी जारी है।

## खास-खबर

### यूक्रेन से सकुशल लौटे छात्रों से सीएम बघेल ने की मुलाकात, कुशलक्षेम पूछा

**नई दिल्ली।** यूक्रेन से भारत लौट छत्तीसगढ़ के छह छात्रों से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज नई दिल्ली स्थित छत्तीसगढ़ सदन में मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम पूछा। यूक्रेन से प्रदेश के छात्रों के सकुशल वापसी के लिए छत्तीसगढ़ सरकार लगातार प्रयासरत है। छत्तीसगढ़ से यूक्रेन में मेडिकल की पढ़ाई के लिए गए छह छात्रों की आज एयर इंडिया की फ्लाइट से नई दिल्ली वापसी हुई है। छात्रों के ठहरने के लिए छत्तीसगढ़ सदन में व्यवस्था की गई है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने इन छात्रों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना एवं उन्हें छत्तीसगढ़ में उनके घरों तक सकुशल वापसी का आश्वासन दिया। यूक्रेन के विभिन्न शहरों से आ रहे छत्तीसगढ़ के विद्यार्थियों की वापसी का पूरा खर्च राज्य सरकार उठाएगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शनिवार देर रात इसकी घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने कहा है - यूक्रेन से अपने निजी खर्चे से छत्तीसगढ़ लौटने वाले छात्रों और नागरिकों के खर्च का वहन छत्तीसगढ़ सरकार करेगी।

### मंत्री रविन्द्र चौबे ने लगवाया कोरोना वैक्सीन का बूस्टर डोज टीका

**रायपुर।** कृषि एवं जल संसाधन मंत्री रविंद्र चौबे ने आज पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल पहुँचकर कोरोना वैक्सीन के बूस्टर डोज का टीका लगवाया। उस वक्त चिकित्सा शिक्षा संचालक डॉ विष्णु दत्त, मेकाहारा की डीन डॉ तृप्ति नगरिया, मंत्री के निज सहायक श्री गुलशन वहाँ मौजूद थे। गौरतलब है कि मंत्री चौबे ने 11मार्च 2011को कोरोना वैक्सीन का पहला और 24 अप्रैल को दूसरा टीका लगवाया था। बूस्टर टीका लगाने के बाद मंत्री रविंद्र चौबे आधे घंटे तक चिकित्सकों की निगरानी में रहे। इस मौके पर मंत्री श्री चौबे ने राज्य में टीका लगवाने से शेष रह गए लोगों से कोरोना से बचाव के लिए अनिवार्य रूप से टीका लगवाने की अपील की। कोरोना संक्रमण और बीमारी की गंभीर स्थिति से बचने के लिए टीका लगाना जरूरी है। यहाँ यह बात दें कि चौबे छत्तीसगढ़ सरकार के पहले मंत्री है,जिन्होंने सबसे पहले 11मार्च 2021 को कोरोना का टीका पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कालेज हॉस्पिटल जाकर लगवाया था और लोगों से कोरोना टीका को लेकर उस वक्त फैलायी जा रही अफ्वाहों से बचने और टीका लगवाने की पुरजोर अपील की थी।

### भारतीय छात्रों की 'ढाल' बना तिरंगा

# तिरंगे के साये में वापस लौट रहे वतन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 'हिन्दुस्तान' की आन-बान और शान तिरंगा युद्धग्रस्त यूक्रेन में भारतीय छात्रों की ढाल बना है। यूक्रेन में जहां हर ओर भयावह माहौल है, वहीं बड़ी संख्या में भारतीय छात्र भी वहां फंसे हैं। अब तिरंगे के साये में वह अपने वतन महफूज लौट रहे हैं। यूक्रेन में तिरंगा भारतीयों का सुरक्षा कवच बना है। दूसरे देशों की सीमाओं पर पहुंच रहे छात्रों की बसों और अन्य वाहनों में तिरंगा झंडा लगाया गया है।

साथ ही भारत सरकार के आदेश की प्रति भी चस्पा की गई है। तिरंगे को देखकर रूसी सेना के जवान सम्मान कर रहे हैं और छात्रों को हिफाजत के साथ उनकी मंजिल की ओर रवाना कर रहे हैं। भारतीय झंडे वालों को सुरक्षित निकालने में रूसी सेना भी मदद कर रही है। छात्र आशीष नौटियाल ने बताया कि भारतीय झंडा लगा देख बसों को ससम्मान और बेरोकटोक जाने दिया जा रहा है।

### राहत से पहले 12 घंटे का मुश्किल सफर

'यूक्रेन के ओडेसा शहर से शाम छह बजे (भारतीय समयानुसार) बस में रोमानिया बॉर्डर की ओर निकल गए हैं। घर वापसी की उम्मीद जगी है। राहत तो मिली है, लेकिन बस में 12 घंटे का मुश्किल सफर तय करना है।' 'हिन्दुस्तान' से शनिवार शाम को फोन पर बातचीत में देहरादून के सहस्त्रधारा रोड निवासी विदित चौहान ने बताया कि वह और उनके साथ करीब 300 अन्य भारतीय मूल के छात्र ओडेसा से यूक्रेन बॉर्डर के लिए निकल रहे हैं। यहां से बसें लगाई गई हैं। उनकी बस में 50 लोग सवार हैं। यहां से पहले रोमानिया बॉर्डर पहुंचना है। वहां से फिर रोमानिया में भारतीय एंबेसी पहुंचना है। रोमानिया से एयर इंडिया की फ्लाइट से भारत भेजने की सूचना मिली है।




### सपोर्ट कर रहा भारतीय दूतावास

आशीष ने बताया कि यूक्रेन से रोमानिया पहुंचने के बाद वहां भारतीय दूतावास सपोर्ट कर रहा है। वहां रुकने की भी व्यवस्था है। कोई तत्काल जाना चाहता है तो उसे भेजा भी जा रहा है। रोमानिया में दो दिन तक रुकने की व्यवस्था की गई है। खाने की भी व्यवस्था की गई है।

### उत्तरकाशी के आशीष ने निभाई उत्तराखंडियत

उत्तरकाशी निवासी आशीष नौटियाल ने उत्तराखंडियत दिखाते हुए पहले अपने जूनियर छात्रों को हॉस्टल से निकाला। यूक्रेन में टर्नोपिल विवि से एमबीबीएस कर रहे आशीष ने शनिवार को अपने जूनियरों को हॉस्टल से रोमानिया के लिए भेजा। जूनियरों के जाने के बाद वह टैक्सी से चार बजे रोमानिया के लिए निकले। टर्नोपिल स्थित विवि से 300 किमी का सफर तय कर बच्चे रोमानिया पहुंच रहे हैं।

### कोयले से भरी मालगाड़ी में इंजन के साथ जुड़ी बोगी में लगी आग, दमकल की गाड़ी मौके पर

**भिलाई।** कोयले से भरी मालगाड़ी रायपुर से नागपुर की ओर जा रही इंजन से लगी पहली बोगी में आग लग गई। आग दिखने पर चरोदा व पुरानी भिलाई स्टेशन को पार करती मालगाड़ी को भिलाई नगर रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा के मद्देनजर रोक दिया गया है। वहीं हाईटेंशन लाईन बंद किये जाने का इंतजार किया जा रहा है। लगभग 25 मिनट से फायर बिगेड की गाड़ी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर संजय कुमार ध्रुव, सीएसपी विश्वास चन्द्राकर, पुरानी भिलाई के थानाध्यक्ष निरीक्षक विनय कुमार सिंह बघेल, कोतवाली सेक्टर 06 के थानाध्यक्ष निरीक्षक एम एस शुक्ला पुलिस टीम के साथ स्टेशन पर मौजूद है। साथ ही जीआरपी व आरपीएफ पुलिस की टीम भी मौके पर पहुँचकर जांच में जुटी हुई है। फायर ब्रिगेड की टीम हाईटेंशन लाइन बंद किये जाने का इंतजार कर रही है। मालगाड़ी के बोगी में आग सुलग रही है। बोगी से धुआं नजर आ रहा है पूरी मालगाड़ी कोयले से भरी है जो एसएसपी जा रही थी।

## हादसाः मछली मारने गए 5 दोस्त, जाल बिछाते समय करंट की चपेट में आने से 2 की मौत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**महासमुंद।** महासमुंद जिले में मछली पकड़ने गए दो लोगों की करंट से मौत हो गई, जबकि 3 लोगों ने जैसे-तैसे भागकर अपनी जान बचाई। सितली नाला डायवर्सन में जाल बिछाते वक्त दोनों करंट की चपेट में आ गए। साथ में गए तीन अन्य ने इसकी सूचना गांव के लोगों को दी, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने दोनों शवों को पीएम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया है। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र की है।



महासमुंद पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक जिले के ग्राम पतेरापाली के 5 ग्रामीण महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी (मनरेगा) के काम से वापस आकर सितली नाला डायर्वसन में मछली मारने के लिए जाल बिछा रहे थे। तभी नाला में लगे पनडुब्बी पंप के करंट की चपेट में साकू राम ध्रुव (60 वर्ष) और जीवराज (55 वर्ष) आ गए। करंट से दोनों की मौके पर मौत हो गई। गांव के कोटवार के माध्यम से पुलिस को सूचना मिली।

### कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही

सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों की लाश को पीएम के लिए महासमुंद जिला चिकित्सालय भिजवाया है। कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस का कहना है कि नाला से पनडुब्बी पंप के माध्यम से पानी खींचने पंप लगाया गया था। बिजली का तार कहीं खुला या कटा रहा होगा, जिससे पानी में करंट प्रवाहित हो रहा था। मौजूद लोगों से पूछताछ की जा रही है।

# कोरोना की कैद से बाहर निकलता छत्तीसगढ़, 24 घंटे में 151 नए मरीज मिले, 2 हजार से कम एक्टिव केस



### प्रदेश में पॉजिटिविटी दर 1 प्रतिशत से भी कम

शनिवार को 20 हजार 362 सैंपलों की जांच की गई, जिसमें 151 मरीज मिले हैं। प्रदेश में पॉजिटिविटी दर घटकर 0.74 प्रतिशत हो गई है। 24 घंटे में कोरोना से जांजगीर-चांपा व बीजापुर जिले में 1-1 व्यक्ति की मौत हुई है। हॉस्पिटल से 21 लोग डिस्चार्ज हुए तो वहीं 202 लोगों ने होम आइसोलेशन पूरा किया है। राज्य नोडल अधिकारी डॉ. सुभाष मिश्रा ने बताया कि प्रदेश में एक्टिव मरीजों की संख्या में तेजी से कमी हो रही है। पॉजिटिविटी दर भी 1 प्रतिशत से कम है।

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कोरोना की तीसरी लहर का संक्रमण बहुत तेजी कम हो रहा है। पॉजिटिविटी दर भी 1त्न से नीचे है। शनिवार को प्रदेश में 151 नए केस मिले। वहीं पिछले 24 घंटे में कोरोना से 2 लोगों की जान भी चली गई। राज्य में सक्रिय मरीजों की संख्या घटकर 1887 हो गई है। इस महामारी से प्रदेश में अब तक 14 हजार 26 लोगों की जान जा चुकी है। संक्रमण के घटते ही अनलॉक की प्रकिया भी शुरू हो गई है।

स्वास्थ्य विभाग के राज्य कंट्रोल एंड कमांड सेंटर से मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार को प्रदेश में 151 नए केस मिले हैं, जिसमें सबसे ज्यादा बिलासपुर में 18 नए संक्रमित मिले हैं। इसके बाद रायपुर में 13, बलरामपुर व सरगुजा में 12-12, दुर्ग में 11, बेमेतरा में 10, जांजगीर-चांपा में 9, धमतरी, बस्तर व कोंडागांव में 6-6, कबीरधाम, गौरेला-पेंड्रा व जशपुर में 5-5, रायगढ़, कोरिया व सूरजपुर में 4-4, राजनांदगांव, बलौदाबाजार, कोरबा, मुंगेली व कांकेर में 3-3, गरियाबंद व दंतेवाड़ा में 2-2, नारायणपुर व बीजापुर में 1-1 नए केस मिले हैं। बड़ी संख्या में मरीजों के स्वस्थ होने से प्रदेश में सक्रिय मरीजों की संख्या घटकर 1,887 हो गई है।

### कमजोर हो रहा कोरोनाः देश में बीते दिन 10 हजार नए केस मिले

**नई दिल्ली।** देश में बीते दिन कोरोना के 10,273 नए केस मिले और 243 मरीजों की मौत हुई। इस दौरान 20,439 लोग रिकवर हुए, जिससे अब तक ठीक होने वालों की संख्या बढ़कर 4,22,90,921 हो गई। फिलहाल 1,11,472 एक्टिव केस हैं, जिसकी दर 0.26 प्रतिशत है।

इस समय देश में डेली पॉजिटिविटी रेट 1.00 प्रतिशत है और वीकली पॉजिटिविटी रेट 1.26 प्रतिशत है। शनिवार को देश भर में 10,22,204 कोरोना टेस्ट हुए। अब तक 76.67 करोड़ टेस्ट हो चुके हैं। मालूम हो कि कोविड-19 के खिलाफवैक्सीनेशन कैंपेन जारी है। देश भर में अब तक 177.44 करोड़ वैक्सीन डोज लग चुकी हैं।

## तूफान में लैंडिंगः अब यूक्रेन से निकाल लाए फंसे छात्र कैप्टन अंचित बोले- पाक ने भी दिया सीधा रास्ता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पिछले दिनों लंदन में आए भीषण तूफान में जब दुनिया की बाकी एयरलाइंस हिम्मत हार गई थीं, तब एयरइंडिया के भारतीय पायलट अंचित भारद्वाज ने सुरक्षित और साहसिक लैंडिंग कराकर सभी को चौंका दिया था। इसका वीडियो भी तेजी से वायरल हुआ था। अब यही कैप्टन अंचित यूक्रेन में फंसे 250 भारतीय छात्रों को सुरक्षित वापस ले आए हैं। रविवार सुबह-सुबह यूक्रेन के बुखारेस्ट से एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-1942 दिल्ली पहुंची।

विमान के पायलट-इन-कमांड कैप्टन अंचित ने बताया कि पाकिस्तान सहित सभी एयर ट्रैफिक कंट्रोलर (एटीसी) ने विशेष निकासी मिशन में साथ दिया। रोमानिया से दिल्ली तक, तेहरान के रास्ते पाकिस्तान तक सभी एटीसी नेटवर्क से भरपूर सहयोग मिलता रहा, जिससे हम निधार्रित समय सीमा में भारत पहुंच गए।

### पाकिस्तान ने बिना पूछे दिया रास्ता

अंचित भारद्वाज ने बताया कि, इस मिशन में सबसे दिलचस्प बात यह है कि, पाकिस्तान ने बिना कारण पूछे ही हमें सीधा हवाई मार्ग दिया। इससे समय की भी बचत हुई। एयर इंडिया के इस विमान में चालक दल के दो दर्जन से ज्यादा सदस्य सवार थे। रोमानिया के लिए विशेष उड़ान के लिए पांच पायलट, 14 केबिन क्रू, तीन विमान इंजीनियर और दो सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया था।




### सभी सरकारों ने दिया साथ

कैप्टन अंचित बताते हैं कि, आमतौर पर हम रोमानिया के ऊपर से उड़ान नहीं भरते। यूरोप के लिए ही रोमानिया का रूट इस्तेमाल किया जाता है। हमें एटीसी और सभी सरकारों का भरपूर सहयोग मिला। खुशी है कि एक समन्वित प्रयास के माध्यम से हमने यह मिशन तय समय में पूरा किया।

## संपादकीय

# संतुलन की जरूरत

यूक्रेन और रूस की सेनाओं के बीच जंग शुरू हो चुकी है और इस पूरे मामले में भारत काफी मुश्किल स्थिति में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन के बीच गुरुवार को बातचीत हुई जिसमें पूतिन ने प्रधानमंत्री को ताजा स्थिति के बारे में जानकारी दी। यूक्रेन और रूस की सेनाओं के बीच जंग शुरू होने के बाद इसके लंबा खिंचने का डर जताया जा रहा है। इस बीच खासतौर पर यूरोप की ओर से भारत पर रूस के प्रति कड़ा रुख अपनाने का दबाव पड़ रहा है। यूरोप में फ्रांस भारत का करीबी सहयोगी है। वह चाहता है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत रूस के प्रति कड़ा रुख अपनाए क्योंकि रूस ने कथित तौर पर संयुक्त राष्ट्र के चार्टर का उल्लंघन किया है। उसने एक संप्रभु देश पर हमला बोला है। फ्रांस ने कहा है कि यूक्रेन पर रूस के हमले से यूरोप में जो अस्थिरता की स्थिति बनी है, वह भारत के लिए ठीक नहीं होगी। इसी मामले में ईयू के विदेश मामलों के प्रतिनिधि जोसेफ बोरेल ने भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर को भी फोन किया और दोनों के बीच यूक्रेन में गंभीर स्थिति को लेकर चर्चा हुई। उनके बीच यह भी बातचीत हुई कि भारत किस तरह से इस टकराव को खत्म करने में भूमिका निभा सकता है। हाल ही में जयशंकर फ्रांस की यात्रा पर गए थे। वहां भी उन्होंने एक तरह से रूस का ही पक्ष लिया था। जयशंकर ने कहा था कि रूस के आसपास के देशों में नाटो के विस्तार की चिंता जायज है। उसके बाद भी भारत ने रूस के कदमों की आलोचना नहीं की है।

> भारत को 60 फीसदी हथियारों की आपूर्ति रूस से ही होती है। इसलिए वह रूस को भी नाराज नहीं करना चाहता क्योंकि इससे भारत की रक्षा तैयारियों पर बुरा असर पड़ेगा। इसलिए यूक्रेन मामले में भारत के लिए संतुलन बनाए रखना जरूरी है। उसे अमेरिका, फ्रांस और दूसरे यूरोपीय सहयोगियों के साथ रूस की भी जरूरत है। यही भारत के लिए सबसे बड़ा इम्तहान भी है और एक अवसर भी। अगर वह यूक्रेन में युद्ध रोकने के लिए कूटनीतिक पहल में मदद कर पाता है और वह पहल कामयाब होती है तो इससे वैश्विक समुदाय के बीच उसका कद बढ़ेगा और भारत के हित भी सुरक्षित रहेंगे।

इस संदर्भ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन के बीच गुरुवार को हुई बातचीत भी मायने रखती है। इसमें पूतिन ने प्रधानमंत्री को ताजा स्थिति के बारे में जानकारी दी। इसमें भी प्रधानमंत्री ने पूतिन से तत्काल युद्धविराम करने और बातचीत के जरिए विवाद सुलझाने की अपील की। असल में इस पूरे मामले में भारत बेहद मुश्किल स्थिति में है। एक तरफ वह अमेरिका के साथ हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए बने क्वाड जैसे संगठन का अहम मेंबर है। यह संगठन चीन की विस्तारवादी नीतियों को रोकने के मकसद से बनाया गया है। वास्तविक नियंत्रण रेखा को लेकर चीन ने भारत के खिलाफ इधर आक्रामकता अख्तियार की है। भारत को लगता है कि चीन को रोकने में क्वाड से मदद मिलेगी। दूसरी तरफ रूस उसकी सामरिक तैयारियों के लिहाज से महत्वपूर्ण सहयोगी है। भारत को 60 फीसदी हथियारों की आपूर्ति रूस से ही होती है। इसलिए वह रूस को भी नाराज नहीं करना चाहता क्योंकि इससे भारत की रक्षा तैयारियों पर बुरा असर पड़ेगा। इसलिए यूक्रेन मामले में भारत के लिए संतुलन बनाए रखना जरूरी है। उसे अमेरिका, फ्रांस और दूसरे यूरोपीय सहयोगियों के साथ रूस की भी जरूरत है। यही भारत के लिए सबसे बड़ा इम्तहान भी है और एक अवसर भी। अगर वह यूक्रेन में युद्ध रोकने के लिए कूटनीतिक पहल में मदद कर पाता है और वह पहल कामयाब होती है तो इससे वैश्विक समुदाय के बीच उसका कद बढ़ेगा और भारत के हित भी सुरक्षित रहेंगे।

> निस्संदेह, हम यह कह सकते हैं कि भारत ने किसी भी क्षेत्र पर अपना दावा छोड़ा नहीं है, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति यही है कि कई ऐसे क्षेत्र हैं, जहां अब हमारी भौतिक पहुंच नहीं है।' साफहै, विवादित क्षेत्र भारत-चीन तनावपूर्ण संबंध का एक महत्वपूर्ण पहलू है। यूक्रेन के लिए पैदा हुई सामरिक चुनौती जैसी स्थिति से निपटने के लिए भारत यदि खुद को तैयार करना चाहता है, तो उसे इससे सामरिक संचार और राष्ट्रीय सुरक्षा के मोर्चे पर सही सबक सीखना होगा।

# यूक्रेन संकट से हमारे लिए सबक

सी उदय भास्कर, निदेशक, सोसाइटी ऑफपॉलिसी स्टडीज

यूक्रेन संकट महत्वपूर्ण मोड़ पर पहुंच चुका है। पहले रूस ने दोनेत्स्क और लुहांस्क नामक दो अलग-अलग क्षेत्रों को मान्यता दी, फिर 'डीमिलिटराइज' (सैन्य क्षमता विहीन) करने के लिए यूक्रेन पर हमला बोल दिया। मॉस्को का यह फैसला यूरोप में राष्ट्रीय सीमाओं पर हिंसा न करने संबंधी उस वादे के खिलाफ है, जिस पर 1975 में हेलसिंकी समझौते में सहमति बनी थी। जाहिर है, यह वैश्विक व्यवस्था के लिए एक बड़ी चुनौती है।

शीत युद्ध के बाद मध्य यूरोपीय क्षेत्र पर वर्चस्व की जंग और सुनहरे रूसी अतीत को फिर से जीवित करने की चाह यूक्रेन संकट के मूल में है। अमेरिका व उसके उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सहयोगी देश एकजुट हैं और मॉस्को पर प्रतिबंध लगा दिए गए हैं। अभी 1939 में शुरू दूसरे विश्व युद्ध और जर्मन युद्ध-मानसिकता को विभिन्न तरीके से याद किया जा रहा है। अमेरिका और नाटो भी रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की इस चेतावनी के बावजूद सैन्य विकल्प तलाश रहे हैं, जिसमें उन्होंने यूक्रेन के समर्थन में किसी 'हस्तक्षेप' के खिलाफ गंभीर नतीजे भुगतने की सख्त चेतावनी दी है।

मगर क्षेत्रीय प्रभुत्व को लेकर ऐसा संघर्ष सिर्फ यूक्रेन तक सीमित नहीं है। हाल ही में संपन्न म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन (एमएससी), 2022 में जिस तरह से अमेरिका व रूस का तनावपूर्ण संबंध हावी रहा, उसी तरह विवादित क्षेत्रों पर भारत-चीन की तनातनी भी सुर्खियों में रही। सम्मेलन में जिस तरह से विचार-विमर्श हुए, वह बीजिंग के सीमा-उल्लंघन संबंधी नई दल्ली के आकलन को स्पष्ट करते हैं।



सम्मेलन में भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बताया कि बीजिंग द्वारा सीमा समझौतों के उल्लंघन (जून, 2020 में हुई गलवान घटना के संदर्भ दिया गया) के बाद दोनों देशों के आपसी रिश्ते 'बहुत नाजुक' हो गए हैं। उन्होंने कहा, 'मसला यह है कि सीमा पर 45 वर्षों से शांति थी और 1975 के बाद से वहां कोई सैनिक हताहत नहीं हुआ था।'

गलवान संघर्ष के संदर्भ में विदेश मंत्री ने कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा पर फौज को न लाने संबंधी चीन के साथ समझौते थे, जिसका बीजिंग ने उल्लंघन किया। इस पर नाराजगी जताते हुए चीन के ग्लोबल टाइम्स ने 20 फरवरी को तीखे शब्दों में लिखा, 'नई दिल्ली अंतरराष्ट्रीय समुदाय का साथ लेकर लाभ कमाने की कोशिश कर सकती है, ताकि खुद को मजबूत बना सके और सीमा मुद्दे पर आग से खेल सके। इस तरह की खतरनाक प्रवृत्ति से चीन को सावधान रहने की जरूरत है।'

जिस तरह से यूक्रेन का संकट सामने आया है, उसे हाइब्रिड युद्ध मॉडल का विस्तार कहा जा सकता है, जिसे मॉस्को ने पुतिन के नेतृत्व में सीरिया से लेकर कजाकिस्तान और अब मध्य यूरोप तक सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया है। इस घटनाक्रम में मजबूत सूचना अभियान के साथ सैन्य चढ़ाई की गई और उन्माद का पूरा इस्तेमाल किया गया, जो ब्रिंकमैनशिप रणनीति (घटनाओं को सक्रिय संघर्ष का रूप देकर फायदा उठाने की रणनीति) की पुष्टि करता है। यह परिस्थिति चीन के साथ तनातनी के संदर्भ में भारत को कुछ संकेत देता है।

बेशक, भारतीय सेना को अक्तूबर, 1962 से लेकर गलवान तक पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) से मुकाबला करने का अच्छा-खासा अनुभव है, लेकिन चीन का मौजूदा हाइब्रिड मॉडल एक नया अध्याय है, जिसमें शामिल ह, बुनियादी ढांचे का तीव्र निर्माण, विशेष जनसांख्यिकीय का फायदा उठाना, घरेलू कानूनों को मजबूत बनाना और एक अभिनव सूचना अभियान द्वारा पीड़ित-कार्ड खेलना व इस बात को लेकर जनभावना बनाना। यह कहना गलत नहीं होगा कि भारत ने इसको लेकर उदासीनता बरती है। गलवान के बाद सूचना को लेकर हीला-हवाली इसका उदाहरण है। जून, 2020 में हिंसक झड़प के बाद साल 2021 की शुरुआत तक भारत ने कुछ सामरिक लाभों को इस उम्मीद में गंवा देना पसंद किया कि इससे बातचीत के लिए जरूरी राजनीतिक व राजनयिक ढांचा तैयार हो सकेगा। मगर एक साल से भी अधिक समय के बाद भारत की वह उम्मीद धराशायी हो चुकी है। बीजिंग का दावा है कि नई दिल्ली का अगंभीर रुख इसकी वजह है।

जहां तक भारत का संबंध है, तो यह दुखद है कि गलवान हिंसा और वास्तविक नियंत्रण रेखा की स्थिति के बारे में हमारा सामरिक संचार सामान्य से कमतर रहा है। केंद्र सरकार ने यह कहते हुए राष्ट्रीय संप्रभुता की चुनौती को परे धकेलने का फैसला किया कि कोई भी भारतीय क्षेत्र गंवाया नहीं गया है। इसी तरह, होशियारपुर की एक चुनावी रैली में भारतीय रक्षा मंत्री ने भी दावा किया कि गलवान में चीन को एक इंच जमीन पर भी कब्जा नहीं करने दिया गया गया है। इन सब बयानों ने पीएलए के सीमा उल्लंघन को लेकर आम लोगों को भ्रमित कर दिया है। जबकि, लद्दाख में सेवा देने वाले वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों का कहना है कि चीन अब भौतिक रूप से वास्तविक नियंत्रण रेखा पर 1959 के अपने दावे के करीब पहुंच गया है।

वास्तविक नियंत्रण रेखा की मौजूदा स्थिति और गलवान के बाद भारत की सामरिक स्थिति व गश्त संबंधी मुश्किलों के बारे में पूर्व विदेश सचिव श्याम सरन बताते हैं, 'मैं यह नहीं कह रहा कि भारत ने पूर्वी लद्दाख के कुछ क्षेत्रों में गश्त करने के अपने अधिकार गंवा दिए हैं, लेकिन इससे इनकार नहीं है कि भारतीय सैनिकों को उन इलाकों में गश्त करने से चीनी सैनिक रोक रहे हैं, जहां वे गलवान घटना से पूर्व नियमित रूप से गश्ती किया करते थे। देपसांग मैदान, हॉट्‌ प्रिंग्स और गोगरा क्षेत्रों में यह स्थिति बनी हुई है। निस्संदेह, हम यह कह सकते हैं कि भारत ने किसी भी क्षेत्र पर अपना दावा छोड़ा नहीं है, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति यही है कि कई ऐसे क्षेत्र हैं, जहां अब हमारी भौतिक पहुंच नहीं है।' साफ है, विवादित क्षेत्र भारत-चीन तनावपूर्ण संबंध का एक महत्वपूर्ण पहलू है। यूक्रेन के लिए पैदा हुई सामरिक चुनौती जैसी स्थिति से निपटने के लिए भारत यदि खुद को तैयार करना चाहता है, तो उसे इससे सामरिक संचार और राष्ट्रीय सुरक्षा के मोर्चे पर सही सबक सीखना होगा।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# आखिर अम की खातिर किसने कब सोचा

अभिजीत अय्यर मित्र ,सीनियर फेलो, आईपीसीएस

दौर कोई भी हो, शांति तो हमेशा ही प्राथमिकता है, लेकिन कई दफा हालात ऐसे पैदा हो जाते हैं कि युद्ध से बचना मुश्किल हो जाता है। हालात जैसे बन गए हैं, उसमें शांति का प्रश्न दार्शनिक लगने लगा है। दो कारणों से स्थिति यहां तक पहुंची है। अव्वल तो अमेरिका ने जब शीत युद्ध जीता था, तभी तय कर लिया था कि वह अंतरराष्ट्रीय नियमों-कानूनों को तोड़ने वाला है। उसने सर्बिया पर हमला करके कोसोवो को अलग किया। उसने लीबिया पर हमला कर शासन बदला। उसने संयुक्त राष्ट्र की सहमति के बिना इराक पर हमला बोला, सीरिया पर भी लगातार बमबारी हुई, तो वास्तव में अमेरिका ने ही यह माहौल बना रखा है कि न किसी जज को मानूंगा, न संयुक्त राष्ट्र को मानूंगा, इसलिए आज बहुत से देशों को लगता है कि वे भी ऐसा कर सकते हैं।

दूसरी ओर, अमेरिका ने अनेक देशों से एक तरह से झूठे वादे कर रखे हैं। यूक्रेन से भी उसने वादे किए थे, जबकि यूक्रेन नाटो या यूरोपीय संघ में शामिल होने की स्थिति में नहीं है। यूक्रेन को भड़काकर उसने शकुनी का काम किया है। यूक्रेन भी कम अपराधी नहीं है। अभी बीस साल से उनके जो भी राष्ट्रपति रहे हैं, किसी न किसी वित्तीय धोखाधड़ी की वजह से पद से उतरे हैं या जेल गए हैं या जांच चल रही है। यूक्रेन बिल्कुल पाकिस्तान की तरह है। एक तरफ, पाकिस्तान भी अमेरिका के साथ खेलता है और चीन को बोलता है कि तुमने अगर मदद नहीं की, तो मैं अमेरिका के पास चला जाऊंगा, ठीक ऐसा ही यूक्रेन कर रहा था। यूक्रेन आज हर चीज के लिए रूस को दोषी नहीं ठहरा सकता। 2014 में जब रूस ने क्रीमिया पर कब्जा कर लिया, तो उसके बाद यूक्रेन की अर्थव्यवस्था रूस से बिल्कुल अलग हो गई।

रूस ने भी बड़ी गलती की है, रूस बिना युद्ध भी काफी कुछ पा सकता था, लेकिन उसने युद्ध के हालात बनाकर



तनाव पैदा कर दिया। सच यह है कि उस क्षेत्र में शांति की जरूरत थी, लेकिन शांति के प्रयास कोई कर नहीं रहा था। वैसे फ्रांस, जर्मनी ने भी अमेरिका से कहा था कि अपनी जिद छोड़ो, यूक्रेन तुम्हारा खिलौना नहीं है, लेकिन अमेरिका सुनने को तैयार न हुआ और न शांति के लिए प्रयासरत हुआ।

जब रूस में व्लादिमीर पुतिन सत्ता में आए थे, तब उनका मानना था कि यूक्रेन या अन्य सोवियत संघ से टूटे देश नाटो में जाना चाहते हैं, तो जाएं। पुतिन तब अमेरिका को अच्छा देश मानते थे। उसके बाद अमेरिका ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सत्ता परिवर्तन के लिए जो अभियान चलाए, जो दूसरे कदम उठाए, उससे पुतिन को लग गया कि अमेरिकी नेता दोमुंही बात कर रहे हैं। पुतिन ने कोशिश की थी कि बीस साल के लिए शांति स्थापित करने की, लेकिन उसके बाद उन्होंने साफ कर दिया कि अब बहुत हो गया, बर्दाश्त की भी हद पार हो चुकी है। उन्होंने लक्ष्मण रेखा खींच दी है कि अगर सोवियत संघ से निकला कोई देश नाटो से बात भी करेगा, तो मैं इंतजार नहीं करूंगा, सीधे हमला बोलूंगा।

वास्तव में वहां अभी तक शांति की बात हुई ही नहीं है। शांति के लिए अभी संयुक्त राष्ट्र भी कुछ नहीं कर सकता, सुरक्षा परिषद में जो प्रस्ताव आएगा, उसे रूस और चीन रोक देंगे। मतलब शांति का कोई भी रास्ता अभी दिखता नहीं है, लेकिन ज्यादातर देशों की उम्मीद यही है कि शांतिपूर्वक ढंग से कोई समाधान निकल आए।

मेरा भय यह है कि हिन्दुस्तान में क्या होगा, कच्चे तेल की कीमत पहले ही बहुत बढ़ गई हैं। रूस और बेलारूस से आयात प्रभावित होगा, इससे अपने देश में उर्वरक की समस्या पैदा हो जाएगी। प्याज, टमाटर व भोजन के अन्य पदार्थों के दाम बढ़ने वाले हैं। अमेरिका हमें बोलेगा कि अगर आपको रूस से खरीदना है, तो हम आप पर प्रतिबंध लगाएंगे। ऐसे में, अमेरिका व भारत के बीच तीस साल से जो रिश्ते सुधरते आ रहे हैं, अचानक से खराब हो जाएंगे। एक भी प्रतिबंध लग गया, तो भारत में कोई भी यह नहीं बोल पाएगा कि अमेरिका विश्वसनीय सहयोगी है। एक चिंता यह भी है कि रूस जब अलग-थलग पड़ेगा, तो उसकी चीन पर निर्भरता और बढ़ने वाली है। कुल मिलाकर, चीन ही सबसे ज्यादा फायदे में रहने वाला है। अमेरिका जो सुरक्षा गारंटी देता है, उस पर अब किसी को भरोसा नहीं है। अब ताईवान क्या सोचेगा, जापान क्या सोचेगा?

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

विनय मेडिकल स्टोर्स
सभी प्रकार के अंग्रेजी और आयुर्वेदिक दवा के विल्हर विक्रेता
मो.-9329766891
शॉप नं.-15, महात्मा गांधी मार्केट, अग्रेसन चौक, दुर्ग (छ.ग.)

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे
9827806026, 7869620239

श्री सांई शूज कलेक्शन
जूते, चप्पल एवं पंजाबी जूती की विशाल श्रृंखला
Roshi 9302834546
मेनोनाईट चर्च के सामने, जी.ई. रोड. दुर्ग (छ.ग.)

डिम्पी ज्वेलर्स
सजेश भोरकर 9907157053
राकेश भोरकर 9302830835
आजाद चौक, कसारीडीह, दुर्ग (छ.ग.)

स्थानांतरण
लक्ष्मी ज्वेलर्स
कुशल भैय्या
9770584111
8959994444
स्टेशन रोड, कर्नाटका बैंक के सामने, दुर्ग (छ.ग.)

NJ
सोने, चांदी के जेवर के विक्रेता
सांखला नवीन ज्वेलर्स
जवाहर चौक, दुर्ग

॥ श्री गणेशाय नमः ॥
राजहंस राजस्थानी थाली रेस्टोरेन्ट
शुद्ध शाकाहारी भोजन की व्यवस्था
पार्सल की सुविधा उपलब्ध
भागीरथ पंचारिया मो.- 9893302026
हरिश जोशी मो.- 7000515894
होटल न्यू इंडिया के नीचे, पोलसाय पारा चौक, दुर्ग (छ.ग.)

With Best Service and Quality Since Last 28 Years
कृष्णा ऑप्टिकल्स
आँखों की निःशुल्क जांच की जाती है
तुरंत चश्मा प्राप्त करें
krishnaopticalsdurg.com ahujav67@gmail.com krishna_opticals_1993 krishnaoptical'sdurg
नये बस स्टैण्ड के सामने, सौभग्य कॉम्पलेक्स, दुर्ग 98279 53331
मातोश्री काम्पलेक्स, महाराजा चौक, दुर्ग 93031 07850

सुशील म्युजिकल
इलेक्ट्रीक शाही बेन्जो के निर्माता
सभी प्रकार के संगीत वाद्य यंत्र के विक्रेता
स्टेशन रोड, फरिश्ता काम्प्लेक्स के पास
दुर्ग (छ.ग.) - 491001
मो.-9993626855, फो.-07884010027
e-mail-sushilmusical@gmail.com

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### ईएसआईसी हॉस्पिटल जल्द शुरू कराने स्पीकर व सांसद ने प्रबंधन की ली बैठक

**रायपुर।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा डिंगापुर में स्थापित ईएसआईसी अस्पताल को शीघ्र श्रमिकों व उनके परिजनों के लिए प्रारंभ करने के संबंध में छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत एवं सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने अस्पताल प्रबंधन की बैठक ली। उपस्थित चिकित्सा अधिकारियों से कहा गया कि कोरोना की तीसरी लहर में प्रकरण न के बराबर हैं और कोविड केयर अस्पताल के तौर पर ईएसआईसी अस्पताल की उपयोगिता नहीं है। जल्द ही जिले के श्रमिकों को इस अस्पताल का लाभ मिलना सुनिश्चित किया जाए। विधानसभा अध्यक्ष एवं सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने संयुक्त रूप से ली गई बैठक में कहा कि 100 बिस्तर वाले इस ईएसआईसी अस्पताल को कोविड की पहली और दूसरी लहर में कोविड केयर सेंटर बनाया जाकर लगभग 3 हजार से अधिक संक्रमितों का उपचार किया गया। इस अस्पताल में लगभग 1 लाख श्रमिक वर्ग के लोगों का पंजीयन हुआ है। औद्योगिक जिले में अब ईएसआईसी बीमित व्यक्तियों तथा गैर-कोविड/नियमित चिकित्सा सेवाओं को प्रारंभ करने की आवश्यकता है। इस बैठक में ईएसआईसी अस्पताल प्रबंधन से सहायक संचालक एसके बर्नवाल, डॉ. दयानंद होता, डॉ. उदय राज, डॉ. सतीश चक्रवर्ती, डॉ. डेविस विन्सेंट सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहे। ईएसआईसी अस्पताल तत्कालीन सांसद एवं केन्द्रीय कृषि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री डॉ. चरणदास महंत की पहल पर प्रारंभ कराया गया। लगभग 5 एकड़ क्षेत्रफल में यह अस्पताल वर्ष 2019 में पूर्ण हुआ। हालांकि उस दौरान थोड़े बहुत कार्य शेष थे तब केन्द्रीय श्रम मंत्री व केन्द्र एवं राज्य सरकार के गणमान्यजनों द्वारा इसका उद्घाटन किया गया। अस्पताल में कुल 22 अधिकारी है, जिनमें सहायक निदेशक, विशेषज्ञ अधिकारी, बीमा चिकित्सा अधिकारी, पैरामेडिकल स्टाफ और मिनीस्टेरियल स्टाफ ड्यूटी शामिल हैं।

### कृषि के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ राज्य की ऊँची छलांग

# ग्रामीण महिलाएं अब गोबर से बनाएंगी बिजली : भूपेश बघेल

**मुख्यमंत्री की मौजूदगी में राज्य में कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए हुए दो महत्वपूर्ण एमओयू**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि अब तक विद्युत उत्पादन का कार्य सरकारें और बड़े औद्योगिक घराने करते रहे हैं। यह मिथक छत्तीसगढ़ राज्य में टूटने जा रहा है। राज्य सरकार की मदद से अब गांव की महिलाएं विद्युत उत्पादक बनने जा रही है। राज्य के गौठानों में क्रय किए जा रहे गोबर से स्व-सहायता समूहों की ग्रामीण महिलाएं बिजली बनाएंगी। इसके लिए भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र ट्राम्बे मुम्बई से गोबर से विद्युत उत्पादन की आधुनिक तकनीक निसरग्रुना के हस्तांतरण के लिए छत्तीसगढ़ बायो फ्यूल विकास प्राधिकरण के साथ एमओयू हुआ है। गौठानों में गोबर एवं कृषि अपशिष्ट से बिजली एवं जैव ईंधन के उत्पादन के लिए संयंत्र लगाए जाएंगे।**




मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने निवास कार्यालय में गोबर से बिजली उत्पादन एवं खाद्य विकिरण परियोजना के एमओयू कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले तीन सालों में छत्तीसगढ़ ने कृषि के क्षेत्र में तेजी से प्रगति करते हुए पूरे देश को रास्ता दिखाया है। कृषि और किसानों की बेहतरी के लिए कई नए कदम उठाए गए हैं और नए-नए नवाचार हुए है। कृषि क्षेत्र के विकास के लिए छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाओं की सफलता की चर्चा आज पूरे देश में हो रही है। किसानों की आय में बढ़ोत्तरी के लिए फसल उत्पादन एवं गुणवत्ता बढ़ाने तथा मूल्य संवर्धन करने और उनके सुरक्षित भंडारण पर जोर दिया है।

मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ राज्य में खाद्य विकिरण केन्द्र की स्थापना के लिए बोर्ड ऑफ रेडियेशन एवं आइसोटोप टेक्नोलॉजी (बीआरआईटी) परमाणु ऊर्जा विभाग भारत सरकार एवं छत्तीसढ़ राज्य बीज कृषि विकास निगम के मध्य हुए समझौते पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि इस आधुनिक तकनीक के जरिए खाद्य पदार्थों विशेषकर फल, सब्जी और दालों को जल्दी से खराब होने से बचाने में और किसानों को बेहतर मूल्य दिलाने में मदद मिलेगी। छत्तीसगढ़ के कृषि उत्पादन एवं लघु वनोपजों को देश-दुनिया से मार्केट में जगह और अच्छा मूल्य मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर वैज्ञानिको को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे जनजीवन से जुड़ी समस्याओं के निदान के लिए लगातार प्रयासरत है। ग्लोबल वार्मिंग और पर्यावरण की देश-दुनिया के सामने चुनौती का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि वैदिक काल से हमारी परंपरा प्रकृति से लेने और फिर उसे वापस लौटाने की रही है। छत्तीसगढ़ राज्य में बीते तीन सालों में इस परंपरा को मजबूती के साथ हम आगे बढ़ा रहे है। गोधन न्याय योजना के माध्यम से हमने पैरादान की परंपरा की शुरूआत की है। इससे खेतों में पराली जलाने और कार्बन उत्सर्जन पर रोक लगी है।

मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ में वनों के संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों का भी उल्लेख किया और कहा कि राज्य का 44 प्रतिशत भू-भाग वनाच्छादित है। हमने जंगलों को बचाकर रखा है, राज्य का बड़ा भू-भाग वनाच्छादित होने के कारण वहां अपेक्षाकृत विकास के कार्य नहीं हो पाते हैं। विकास के लिए बड़े प्रोजेक्ट जैसे सिंचाई के लिए बांध, उद्योग, कारखाने आदि की स्थापना में दिक्कत आती है, परंतु राज्य को इसकी कहीं से कोई भी प्रतिपूर्ति नहीं मिलती है, जबकि छत्तीसगढ़ देश को 16 प्रतिशत ऑक्सीजन की सप्लाई करता है। प्रकृति को कैसे बचाएं और उससे कैसे लाभ लें, इस दिशा में छत्तीसगढ़ सरकार काम कर रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि राज्य में फूड रेडियेशन टेक्नोलॉजी के उपयोग से किसानों और वनवासियों के आय में और वृद्धि होगी। कार्यक्रम को कृषि मंत्री श्री रविन्द्र चौबे, मुख्यमंत्री के सलाहकार श्री प्रदीप शर्मा ने भी सम्बोधित किया और कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की पहल पर राज्य के गौठानों में रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क की स्थापना तेजी से की जा रही है। यहां बेहतर उत्पादन एवं लाभ के लिए तकनीक की जरूरत है। भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र से हुए एमओयू के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि कृषि के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ सुनहरे भविष्य की ओर बढ़ रहा है।

## ग्रामीणों को सूचना शिविर के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं की मिल रही जानकारी




श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा। सूचना शिविर सह विकास फोटो प्रदर्शनी के माध्यम से जनहितकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंच रही हैं। आज विकासखण्ड पोंड़ीउपरोड़ा के ग्राम भांवर में आयोजित शिविर में ग्रामीणों को शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने का मौका मिला। आयोजित शिविर में ग्रामीणों ने गोधन न्याय योजना के बारे में जानकारी ली। ग्रामीणों ने योजना की तारीफ करते हुए कहा कि यह योजना गोबर को बेचकर आर्थिक लाभ कमाने का अच्छा माध्यम है।**

शासन ने गोबर जैसे चीज को खरीदकर ग्रामीणों के लिए रोजगार के नये आयाम पेश किए हैं। राज्य शासन की महत्वकांक्षी गोधन न्याय योजना ग्रामीणों के बीच खासा लोकप्रिय है। सरकार द्वारा ग्रामीणों को रोजगार के नए साधन प्रदान करने तथा वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन करके जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए गोधन न्याय योजना की शुरूआत की गई है। ग्राम भांवर में आयोजित सूचना शिविर सह विकास फोटो प्रदर्शनी में आसपास के गांव महोरा, डोंगातराई, पंडोपारा एवं जुराली के ग्रामीणों श्री नरेश, श्रीमती सुमित्रा बाई, श्री देवकुमार, श्री राधेश्याम एवं श्रीमती जुबेदा बेगम ने भी शिविर में आकर शासन की योजनाओं का अवलोकन किया। शिविर में शासन की योजनाओं की प्रचार पुस्तिका जनमन, संबल एवं किसान गाईड का भी वितरण किया गया। शिविर में छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वकांक्षी योजना नरवा, गरवा, घुरवा और बारी के क्रियान्वयन, समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, आदर्श गौठान, बिजली बिल हाफ योजना, मनरेगा, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, राम वन गमन पथ, अल्पकालीन कृषि ऋण माफ स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग, पीडीएस, कृषि विभाग के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को छायाचित्र के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। 28 फरवरी को सूचना शिविर सह विकास फोटो प्रदर्शनी का आयोजन विकासखण्ड पाली के ग्राम चोढ़ा में किया जाएगा।

# गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ का सपना हो रहा है साकार स्वरोजगार से आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ रहे हैं कदम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का कहना है कि आधुनिकता और परंपरा के साम्य से छत्तीसगढ़ का विकास संभव है। इसी तर्ज पर गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ के ध्येय वाक्य को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं तथा युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले के गौठान में ग्रामीण युवाओं द्वारा मधुमक्खी पालन व कच्चे शहद के प्रसंस्करण सहित पैकेजिंग और विपणन का कार्य किया जा रहा है।**



इसी तरह बेमेतरा में ग्रामीण युवाओं द्वारा शहद के डिब्बों के विक्रय से बढ़िया आमदनी प्राप्त की जा रही है जिससे वो आत्मनिर्भरता की तरफबढ़ रहे हैं। छत्तीसगढ़ के मैदानी इलाके तेजी से स्वरोजगार की तरफ बढ़ रहे हैं। बलौदा बाजार - भाटापारा जिले के कसडोल विकासखंड के गुडेलिया गौठान में हल्दी, धनिया, गरम मसाला और मिर्च पाउडर बनाकर इनकी पैकिंग की जा रही है और इससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिल रहा है। छत्तीसगढ़ में महिलाओं के लिए राज्य सरकार द्वारा कई योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ शासन की ये योजनाएं बस्तर जिले के दूरस्थ बकावंड ब्लॉक की स्व-सहायता समूह की महिलाओं को भी लाभांवित कर रही हैं। यहां की महिलाएं काजू संग्रहण और प्रसंस्करण का कार्य कर रही हैं। बकावंड की स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने अब तक काजू संग्रहण और प्रसंस्करण से 75.84 लाख रुपए की आमदनी प्राप्त की है। इस कार्य में 50 से अधिक महिलाएं जुड़ी हुई हैं।

बस्तर संभाग के नारायणपुर जिले की दंतेश्वरी स्व-सहायता समूह की महिलाएं भी कीर्तिमान रच रही हैं। यहां की महिलाएं पिछले 2 वर्षों से कोदो, कुटकी और रागी का उत्पादन कर 15 से 20 हजार रुपए की मासिक आय प्राप्त कर रही हैं। दंतेश्वरी स्व-सहायता समूह की महिलाएं प्रसंस्करण कार्य से अब तक लगभग 4 लाख रुपए की आय हासिल कर चुकी हैं। सुदूर ग्रामीण अंचल दुर्गकोंदल के घोटूलमुँड़ा गाँव में महिला स्व-सहायता समूह के द्वारा भी कोदो एवं रागी का प्रसंस्करण कर आर्थिक स्वावलंबन की रोशनी बिखेरी जा रही है। बस्तर की महिलाएं सिर्फ सामान्य कार्यों में ही नहीं बल्कि कृषि क्षेत्र में आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं। तीरथगढ़ की स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने पपीते की हाईटेक खेती कर मात्र 7 महीनों में ही 30 लाख रुपए से अधिक की आमदनी प्राप्त की है।

विकास की बयार से सरगुजा जिले में बिहान अंतर्गत गठिति स्वक्ह द्वारा महिलाओं के सहयोग से क्षेत्र में उत्पादित मसाले को प्रसंस्करण करके बेचा जा रहा है। फूड प्रोसेसिंग एवं वेल्यू एडिशन के बाद वित्तीय वर्ष 2021-22 के जनवरी माह तक लगभग 11 लाख से अधिक के उत्पाद महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा बेचे जा चुके हैं। छत्तीसगढ़ के गौठानों में गोबर से बने जैविक खाद से कृषि को नया जीवन मिला है वहीं लघु वनोपजों की रोशनी से वनांचल की महिलाओं की आंखों में नयी चमक देखने को मिल रही है। छत्तीसगढ़ शासन की योजनाएं अब हर वर्ग के लिए आय का बेहतर स्त्रोत उत्पन्न कर रही है और इससे आर्थिक स्वावलंबन की तरफलोगों के कदम बढ़ते हुए दिखायी दे रहे हैं।

## मुख्यमंत्री ने एम.आर.एफ. नेशनल सुपर क्रास बाईक रेसिंग चौंपियनशिप 2022 के पोस्टर का किया विमोचन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यहां अपने निवास प्रांगण में राजधानी रायपुर में 05 और 06 मार्च को आयोजित होने वाले एम.आर.एफ. नेशनल सुपर क्रास बाईक रेसिंग चौंपियनशिप 2022 के पोस्टर का विमोचन किया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने नेशनल सुपर क्रास बाईक रेसिंग चौंपियनशिप में देश भर से बाइकर्स को छत्तीसगढ़ आने का न्यौता दिया।**




उल्लेखनीय है कि खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन एवं छत्तीसगढ़ मोटर स्पोट्र्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में 5 एवं 6 मार्च 2022 को राजधानी रायपुर के बूढ़ा तालाब आउटडोर स्टेडियम में एम.आर.एफ नेशनल सुपर क्रास बाइक रेसिंग चौंपियनशिप 2022 का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने देश भर के बाइकर्स को छत्तीसगढ़ आने का आमंत्रण देते हुए कहा कि कोविड महामारी उपरांत यह राज्य का पहला महत्वपूर्ण खेल आयोजन है, इस आयोजन से राज्य की जनता, विशेषकर युवाओं में नई ऊर्जा का संचार होगा। फ्री स्टाइल मोटो क्रास में रोमांचक करतब दिखाने आ रहे अंतर्राष्ट्रीय बाइकर्स एवं नेशनल सुपर बाइक रेसिंग चौंपियनशिप 2022 में आ रहे देश के बाईकर्स का अभिनंदन है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अत्यधिक लोकप्रिय मोटर स्पोट्र्स खेल साहस एवं रोमांच से भरपूर है। ऐसे विशेष आयोजन के लिए रायपुर एवं छत्तीसगढ़ तैयार है। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ मोटर स्पोट्र्स एसोसिएशन एवं राष्ट्रीय फेडरेशन के आयोजन की सफलता के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष श्री रामगोपाल अग्रवाल, मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, राष्ट्रीय मोटर स्पोट्र्स फेडरेशन के सदस्य श्याम कोठारी व डॉ. विष्णु श्रीवास्तव, क्षितिज चंद्राकर, छत्तीसगढ़ मोटर स्पोट्र्स एसोसिएशन के सचिव उमेश बंसी और मीडिया सलाहकारअतुल श्रीवास्तव, हीरो के राज्य प्रमुख शलभ राजवंशी व क्षेत्रीय प्रबंधक अंशुल त्रिपाठी, गौरव गिरिजा शुक्ला सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

(VISHAL) Mobile No. 7000536728
SAMSUNG mi vivo oppo realme ONEPLUS
SHREE MOBILE
Kasaridih, Sai Mandir Road, Near Raja Fire Works Azad Chowk, Durg (C.G.)
Email ID : vishalrohda99@gmail.com
♦ Buy ♦ Sell ♦ Purchase
( All Second Hand Mobile Available)

MENS Clothing
A COMPLETE MEN'S FASHION STORE
Shahrukh Quraishy
8818880051
Infront Of National Steel, Maharaja Chowk, Durg (C.G.) 491001
E-mail.:- shahrukhquraishy786@gmail.com

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65
Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

Jeans, Trousers, Shirts, T-shirts, Top, Legis, Suits & All Types of Mens & Ledies Wears
Rock Star
Girls & Mens Wear
Kishan Ahuja
9300628876
Maharja Chowk, opp. Oriental Bank, Borsi,Road, Durg (C.G.)

Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

SHRI SAI COMMERCE COACHING
A Complete Commerce Solution
ONLINE CLASS XI XII B.COM CA/CS/CMA
Registration Open
KHOOBI SIR- Director
Sirsa Road, Kohka, Bhilai, Mo.-98935-82241
www.shri.sai.commercecoaching.com

## खास खबर

### राज्यपाल ने यूक्रेन में फंसे विद्यार्थियों के सकुशल घर वापसी की कामना की

**रायपुर।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने यूक्रेन में युद्ध के कारण बिगड़ते हालात को देखते हुए भारतीय विद्यार्थियों के सकुशल घर वापसी की कामना की है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार इसके लिए लगातार प्रयास कर रही है और विद्यार्थियों को विशेष विमानों से वापस भी लाया जा रहा है। राज्यपाल सुश्री उइके ने राज्य सरकार से भी यूक्रेन में फंसे छत्तीसगढ़ के विद्यार्थियों की सकुशल वापसी के लिए केंद्र सरकार से समन्वय कर प्रयास तेज करने को कहा है। छत्तीसगढ़ के विद्यार्थियों से संपर्क कर उन्हें सरकार के कैम्प ऑफिस व सहायता केंद्रों के बारे में जानकारी दी जाए।

### सहायक लोक अभियोजन अधिकारी की चयन सूची जारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने सहायक लोक अभियोजन अधिकारी (गृह विभाग) के 67 पदों के विरुद्ध 62 पदों के लिए चयन सूची जारी कर दी है। सहायक लोक अभियोजन अधिकारी के लिए लिखित परीक्षा परिणाम 28 जनवरी 2022 को जारी किया गया था। पद के लिए विज्ञापित 67 पदों का तीन गुना अर्थात 201 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के लिए चयन किया जाना था, किंतु वर्गवार/उपवर्गवार अर्ह अभ्यर्थियों के आधार पर 182 अभ्यर्थी साक्षात्कार हेतु चिन्हित किए गए थे। आयोग के द्वारा आज ही साक्षात्कार के तुरंत बाद चयन सूची जारी कर दी गयी है।

### सीएस प्रोफेशनल परीक्षा में राजधानी रायपुर की प्रियंका प्रथम

**रायपुर (ए)।** इंस्टिट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरी ऑफइंडिया (आइसीएसआइ) ने सीएस (कंपनी सेक्रेटरी) प्रोफेशनल व एग्जीक्यूटिव के परिणाम जारी किए हैं। इसमें छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर की गायत्री नगर निवासी प्रियंका शर्मा ने रायपुर शहर में मेरिट हासिल किया है। प्रियंका ने बताया कि उसने सीएस प्रोफेशनल में 471 अंक हासिल किए हैं। सीएस बनने के लिए 12वीं से तैयारी शुरू कर दी थी। बीकाम की पढ़ाई के साथ सीएस परीक्षा की तैयारी के दौरान रोजाना पांच से छह घंटे पढ़ाई में समय देने के साथ ही प्रोफेशनल सेमिनार व ऑनलाइन माध्यम से तैयारियां चल रही थीं। इसका भी फायदा मिला। इसके साथ ही रिविजन में खास ध्यान दिया। सप्ताह तक जो भी तैयारी करती, उसे दोबारा याद करती थी। प्रियंका ने बताया कि वह वर्तमान में एलएलबी की पढ़ाई कर रही हैं। सीएस प्रोफेशनल के परिणाम आने के बाद दो वर्ष का इंटर्नशिप बाहर की कंपनी से करने की तैयारी है। इसके साथ ही सीएस एग्जीक्यूटिव की परीक्षा में शंकर नगर की आंचल अग्रवाल ने पहला स्थान पाया है। बता दें कि सीएस प्रोफेशनल के लिए 171 व सीएस एग्जीक्यूटिव के लिए 618 छात्रों ने परीक्षा दी थी। इसमें सीएस प्रोफेशनल में 54 छात्र व सीएस एग्जीक्यूटिव की परीक्षा 64 छात्र उत्तीर्ण हुए। किसी भी कंपनी की प्रशासनिक और कानूनी जिम्मेदारी को संभालने के लिए कंपनी सेक्रेटरी की जरूरत होती है। इसकी परीक्षा आइसीएसआइ लेता है।

# श्रमिकों के हित के लिए सरकार प्रतिबद्धः मंत्री डॉ. शिव डहरिया

## श्रम विभाग की योजनाओं में 1000 हितग्राहियों को 61 लाख रूपए का चेक वितरित

### 400 युवाओं ने रोजगार के लिए पंजीयन कराया

### 100 युवाओं का कौशल विकास में काउंसलिंग

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजिम माघी पुन्नी मेला में श्रम एवं नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव डहरिया ने 1093 हितग्राहियों को श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं में 61 लाख रूपए का ऑनलाइन चेक वितरण किया। उन्होंने इस मौके पर सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य में गरीब मजदूर और श्रमिकों के लिए अनेक योजनाएं संचालित है, जो मिशाल है।




उन्होंने कहा कि राज्य सराकर गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ के ध्येय मंत्र को लेकर कार्य कर रही है। श्रम विभाग में जन्म से लेकर मृत्य तक की योजनाएं संचालित है। श्रमिकों के हित के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। डॉ. डहरिया ने कहा कि स्वच्छता के रैंकिग में लगातार तीसरे वर्ष राज्य ने प्रथम स्थान हासिल किया है। उन्होंने सरकार की योजनाओं स्वामी आत्मानंद स्कूल, कर्ज माफी, बिजली बिल हॉफ, सिंचाई टैक्स मॉफ और अन्य योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इस अवसर पर छत्तीगसढ़ छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल के अध्यक्ष सुशील सन्नी अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के अगुवाई में समाज के सभी वर्गों के लिए कार्य कर रही है। श्री अग्रवाल ने राजिम माघी पुन्नी मेला आयोजन के लिए जिला प्रशासन को बधाई दी। सभा को नवापारा नगर पालिका अध्यक्ष धनराज मध्यानी ने भी संबोधित किया। सम्मेलन में 1093 हितग्राहियों को डीबीटी के माध्यम से कुल 61 लाख 13 हजार रुपये वितरण किया गया। इसमें भगिनी प्रसुति योजनांतर्गत 255 हितग्राहियों, नवनिहाल छात्रवृत्ति 43 विद्यार्थियों को, श्रमिक प्रसुति 30 हितग्राहियों को, मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता अंतर्गत 31 लाख 40 हजार 5 सौ का चेक वितरण शामिल है। मेले में निजी प्रतिष्ठानों द्वारा 400 युवाओं का रोजगार हेतु पंजीयन किया गया है, साथ ही कौशल विकास प्रशिक्षण हेतु 100 युवाओं का कौशलिंग किया गया है। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष पुष्पा जगन्नाथ साहू, जिला पंचायत सदस्य मधुबाला रात्रे, नवापारा नपा उपाध्यक्ष चतुर जगत, ताराचंद मेघवानी, विकास तिवारी, आनंद मतावले, सुनील तिवारी, मुन्ना कुर्रे, सुघ्घरमल आड़े, मंगराज सोनकर, धनेश्वरी डांडे आदि उपस्थित थे।

# शासकीय अस्पतालों में वरिष्ठ नागरिकों के नि:शुल्क इलाज की व्यवस्था



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्य शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा माता-पिता और वरिष्ठ नागरिक अनुरक्षण एवं कल्याण अधिनियम, 2007 को ध्यान में रखते हुए सभी जिलों में राष्ट्रीय वयोवृद्ध स्वास्थ्य परिचर्या कार्यक्रम'' शुरू किया गया है। इसके अंतर्गत 60 वर्ष और इससे अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों को सभी सरकारी अस्पतालों में नि:शुल्क ओपीडी, आईपीडी, लैब जांच, मोतियाबिंद जांच और फिजियोथेरेपी की सुविधा प्रदान की जा रही है। शासकीय अस्पतालों में पंजीयन काउन्टर पर वरिष्ठ नागरिकों के लिए आमजनों की लाइन से अलग लाइन की व्यवस्था है, जहां उनके लिए अलग से पीले रंग का पंजीयन कार्ड बनाया जाता है। प्रदेश के सभी जिला चिकित्सालयों में वृद्धजनों के लिए पृथक ओपीडी की व्यवस्था की गयी है। राज्य के सभी महाविद्यालयों, जिला अस्पतालों, एवं चिन्हाकित सिविल अस्पतालों में मोतियाबिंद की जाँच व ऑपरेशन नि:शुल्क किए जाते हैं।ओपीडी में इलाज के लिए पहुंचे बुजुर्गों को फिटनेस गाइड बुकलेट के साथ आवश्यकतानुसार नि:शुल्क वॉकर और वॉकिंग स्टिक भी दिए जा रहे हैं।

राष्ट्रीय वयोवृद्ध स्वास्थ्य परिचर्या कार्यक्रम के राज्य नोडल अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम के तहत चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 में अप्रैल-2021 से जनवरी-2022 तक सरकारी अस्पतालों की ओपीडी में 11 लाख 22 हजार 21 वयोवृद्धों का उपचार किया गया है। इस दौरान 57 हजार 283 बुजुर्गों को आईपीडी इलाज भी उपलब्ध कराया गया है। इस साल अब तक चार लाख 28 हजार 124 वरिष्ठ नागरिकों को नि:शुल्क लैब जांच और 62 हजार 389 को फिजियोथेरेपी की सुविधा भी प्रदान की गई है। प्रदेश के शासकीय अस्पतालों में 60 वर्ष से अधिक उम्र के पांच लाख 75 हजार 183 लोगों के लिए विशेष पीला कार्ड/फिटनेस गाइड बुकलेट जारी किया गया है। कार्यक्रम के अंतर्गत 23 हजार 975 वयोवृद्धों के घर पहुंचकर उन्हें स्वास्थ्य लाभ/सलाह प्रदान की गई है। विगत 1 अक्टूबर को प्रदेश भर के स्वास्थ्य संस्थाओं में आयोजित विश्व वयोवृद्ध दिवस कार्यक्रम में वृद्धजनों को 6796 वॉकर एवं वॉकिंग स्टिक नि:शुल्क प्रदान किया गया है।

### ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के माध्यम से आवेदनों की संख्या में 57 फीसदी की वृद्धि

# लोक सेवा केंद्र शुरु होने के पश्चात अब तक 1.76 करोड़ से अधिक नागरिक विभिन्न सेवाओं से लाभान्वित

### वर्ष 2021 में 32 लाख नागरिकों ने किया आवेदन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** ई-डिस्ट्रिक्ट परियोजना में लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत स्थापित लोक सेवा केन्द्रों द्वारा विगत छः माह में प्रति माह औसतन 3 लाख से अधिक नागरिक विभिन्न सरकारी सेवाओं के लिए आवेदन कर रहे हैं। आवेदनों में पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 57 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है । चिप्स के मुख्य कार्यपालन अधिकारी समीर विश्नोई ने बताया कि राज्य में विभिन्न विभागों की 126 से अधिक नागरिक सेवाएं निर्धारित समय सीमा में दी जा रही हैं। नागरिकों को जनोपयोगी सेवाओं की उपलब्धता के लिए राज्य में 1475 लोक सेवा केन्द्र स्थापित किए गए हैं। समीर विश्नोई ने बताया कि ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के सुचारू संचालन के लिए और नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए चिप्स द्वारा हेल्पडेस्क का संचालन भी किया जाता है, जिसका नम्बर 0771-4013758 है। इस परियोजना की समय-समय में मुख्य कार्यपालन अधिकारी स्तर पर समीक्षा भी की जाती है। ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल नागरिक सुविधाओं के लिए बनाया गया है और यह सातों दिन चौबीस घंटे की तर्ज पर कार्य कर रहा है। ई डिस्ट्रिक्ट पोर्टल में दस्तावेजों को अपलोड करने का कार्य मुख्यत: सम्बन्धित लोक सेवा केंद्र, सीएससी केंद्र तथा चॉइस सेंटरों द्वारा किया जाता है। हेल्प लाईन नम्बर में विगत 15 दिनों में 10 फरवरी से 25 फरवरी तक कुल 93 शिकायतों का निराकरण किया गया




वर्ष 2015 में लोक सेवा केंद्र शुरु होने के पश्चात अब तक 1 करोड़ 76 लाख 28 हजार से अधिक नागरिक विभिन्न सेवाओं से लाभान्वित हो चुके हैं। वर्ष 2020 में ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के माध्यम से कुल 20 लाख 61 हजार 805 आवेदन प्राप्त हुए और 19 लाख 46 हजार 636 निराकृत हुए। वर्ष 2021 में आवेदन करने वाले नागरिकों की संख्या बढ़कर 32 लाख 37 हजार 953 हो गयी। इस प्रकार वर्ष 2021 में आवेदन करने वाले नागरिकों की संख्या में 57 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। विगत तीन वर्षों में प्रतिवर्ष औसतन 19 लाख के अनुपात से 57 लाख 36 हजार से अधिक नागरिक विभिन्न शासकीय सेवाओं से लाभान्वित हुए हैं जो कोरोना काल के बावजूद पूर्ववर्ती वर्षों की तुलना में 44 प्रतिशत अधिक है।

# राज्य में 22 हजार हेक्टेयर में दलहन फसलों के प्रदर्शन के लिए बीज पर व्यय होंगे मात्र 3.96 करोड़ रूपए

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्य में टारगेटिंग राईस फेलो एरिया दलहन योजना के तहत 62 करोड़ रूपए का बीज खरीदने और बांटने की बात पूरी तरह से असत्य एवं भ्रामक है। कृषि संचालक यशवंत कुमार ने बताया कि उक्त योजना के तहत राज्य में 22 हजार एक हेक्टेयर में दलहन फसलों का प्रदर्शन कार्यक्रम लिया जा रहा है, जिसके लिए प्रति हेक्टेयर 20 किलो के मान से कुल 4420 क्विंटल बीज की आवश्यकता है। आवश्यक बीज की आपूर्ति छत्तीसगढ़ बीज एवं कृषि विकास निगम तथा राष्ट्रीय बीज निगम के माध्यम से किए जाने का प्रावधान है। योजना के तहत दलहन फसल प्रदर्शन के लिए बीज क्रय पर मात्र 3 करोड़ 96 लाख एक हजार 800 रूपए ही व्यय होंगे। राज्य शासन के मंशा अनुरूप गर्मी के मौसम में धान की खेती को कम करने के लिए अन्य फसलों की खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है। राज्य में अभी उड़द और मूंग की बोनी, फसल प्रदर्शन और बीज वितरण जारी है।

कृषि संचालक ने बताया कि योजना के तहत स्वीकृत शेष राशि फसल प्रदर्शन के लिए चयनित किसानों सहित अन्य किसानों को कृषि आदान सामग्री, कृषि यंत्र वितरण, सिंचाई क्षेत्र विस्तार, प्रशिक्षण, वर्मी कम्पोस्ट वितरण एवं योजना के अन्य घटकों के लक्ष्य पूर्ति पर व्यय होगी।

कृषि संचालक ने बताया कि भारत सरकार के कृषि मंत्रालय द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य को टारगेटिंग राईस फेलो एरिया दलहन योजना के अंतर्गत 15 फरवरी 2022 को 36 करोड़ 72 हजार रूपए की अतिरिक्त प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि अतिरिक्त प्रशासकीय स्वीकृति में 19.80 करोड़ रूपए दलहनी फसल मूंग एवं उड़द के 22 हजार एक हेक्टेयर के प्रदर्शन पर व्यय की जाएगी। फसल प्रदर्शन के अतिरिक्त राज्य में दलहनी फसलों की खेती करने वाले कृषकों को प्रमाणित बीज वितरण पर एक करोड़ 98 लाख रूपए तथा 50 प्रतिशत अनुदान सहायता पर सूक्ष्म तत्व जैव उर्वरक एवं पौध संरक्षण दवा वितरण पर 5.72 करोड़ रूपए व्यय किए जाने का प्रावधान है। योजना के तहत राज्य में उन्नत कृषि यंत्र वितरण पर 3.05 करोड़ रूपए तथा सिंचाई क्षेत्र विस्तार हेतु स्प्रिंकलर पाईप वितरण पर 74.50 लाख रूपए, कृषकों के प्रशिक्षण पर 44.49 लाख रूपए तथा चेकडेम आदि के निर्माण 4.52 करोड़ रूपए व्यय होंगे।

# छत्तीसगढ़ हर्बल्स के उत्पादों के बिक्री का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा

### छत्तीसगढ़ हर्बल्स उत्पाद विक्रय केन्द्र 'संजीवनी' के बेहतर संचालन संबंधी प्रशिक्षण संपन्न

### विभागों को हर्बल्स ब्राण्ड के उत्पादों के खरीदी पर मिलेगी 10 प्रतिशत की छूट

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ एवं अवनी आयुर्वेदा प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में छत्तीसगढ़ राज्य वन अनुसंधान प्रशिक्षण केंद्र रायपुर में छत्तीसगढ़ हर्बल्स उत्पाद विक्रय केंद्र संजीवनी के समस्त संचालनकर्ताओं को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संजीवनी में गत सत्र में हुई बिक्री में बढ़ोत्तरी हेतु प्रत्येक संचालनकर्ताओं के योगदान को प्रोत्साहित करना तथा उन्हें समय पर विक्रय लक्ष्य पूर्ण करने पर सम्मानित करना था। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ हर्बल्स उत्पाद विक्रय केन्द्र संजीवनी के बेहतर से बेहतर संचालन के लिए प्रोत्साहित किया गया।



गौरतलब है कि घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजार में छत्तीसगढ़ हर्बल ब्रांड के उत्पादों की मांग लगातार बढ़ रही है। अमेजन एवं फ्लिपकार्ट जैसे प्रमुख ऑनलाईन व्यावसायिक प्लेटफॉर्म्स पर भी छत्तीसगढ़ हर्बल्स के उत्पाद विक्रय के लिए उपलब्ध हैं। अब छत्तीसगढ़ के सभी शासकीय विभागों को हर्बल्स ब्रांड के उत्पादों की खरीदी करने पर 10 प्रतिशत की छूट मिलेगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर राज्य शासन के सभी विभागों, शासकीय उपक्रमों और नगर निगमों को इस छूट का लाभ मिलेगा। इस निर्णय से राज्य में छत्तीसगढ़ हर्बल के उत्पादों की बिक्री में और अधिक वृद्धि होगी। राज्य में वर्ष 2019-20 में एक करोड़ 25 लाख रुपए, वर्ष 2020-21 में 2 करोड़ 15 लाख, और वर्ष 2021-22 के पहले 9 महीने में 4 करोड़ 34 लाख रुपए के मूल्य के उत्पादों की बिक्री राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में हो चुकी है। वर्ष 2022 में यह आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश के कुल 25 संजीवनी विक्रय केन्द्र जैसे कि बीजापुर, नारायणपुर, लोरमी, कोरबा, जशपुर, कोण्डागांव, डोंगरगढ़, राजिम, कानन पेण्डारी जू, आदि के संचालनकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में सभी संचालनकर्ताओं को अपनी कार्यशैली की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए विभिन्न विक्रय तकनीक की जानकारी दी गई, जिससे उन्हें विक्रय केंद्रों में विक्रय बढ़ाने के लिए सहायता प्राप्त हो सके। इसके साथ ही डिजिटल इंडिया को मद्देनजर रखते हुए सभी संजीवनी केंद्रों का भी मार्ग सॉफ्टवेयर द्वारा डिजिटलीकरण करने के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ मर्यादित की ओर से डॉ. रश्मि रात्रे ने छत्तीसगढ़ हर्बल के आयुर्वेदिक उत्पाद की जानकारी सभी संचालनकर्ताओं को प्रदान की। उन्होंने इन उत्पादों द्वारा निवारण किए जाने वाले रोगों एवं लक्षणों के बारे में विस्तार से बताया। डॉ. रात्रे ने मधुमेह नाशक चूर्ण, हरड़ चूर्ण, अश्वगंधा चूर्ण, अविपत्तिकर चूर्ण, आर्गेनिक वन शहद, जामुन जूस, महुआ आर टी एस, पंचसम चूर्ण, कालमेघ चूर्ण, आदि आयुर्वेदिक व खाद्य उत्पादों का विस्तृत विवरण तथा उपयोगिता के बारे में चर्चा की।


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान





















## खास खबर

### 'इंडियाज गॉट टैलेंट' में जैकी श्रॉफ ने छुए यंग कंटेस्टेंट के पैर

रियलिटी शो इंडियाज गॉट टैलेंट के अपकमिंग एपिसोड में जैकी श्रॉफ स्पेशल गेस्ट के रूप में नजर आने वाले हैं। हाल ही में मेकर्स ने शो का एक प्रोमो रिलीज किया, जिसमें कंटेस्टेंट की आवाज सुन जैकी ने जाकर उस कंटेस्टेंट के पैर छू लिए। दरअसल शो में एक यंग कंटेस्टेंट ने उनकी फिल्म 'राम लखन' का गाना 'बड़ा दुख देना ओ रामजी' गाया, जिसे सुनकर जैकी इमोशनल हो गए।

### करणवीर बोहरा हैं कंगना रनोट के शो के पांचवे कंफर्म कंटेस्टेंट

टीवी एक्टर करणवीर बोहरा जल्द कंगना रनोट के शो लॉक-अप में नजर आने वाले हैं। हाल ही में मेकर्स ने शो का प्रोमो रिलीज किया, जिसमें वो कंगना की जेल के कैदी के रूप में नजर आए। फैन्स उन्हें शो में देखने के लिए काफी एक्साइटेड हैं। बता दें करणवीर 'बिग बॉस 12' में भी नजर आ चुके हैं। उस शो में वो टॉप 4 कंटेस्टेंट थे।


### शादी के बंधन में बंधने को तैयार कॉर्टनी कार्दशियन और ट्राविस बार्कर

कॉर्टनी कार्दशियन और ट्राविस बार्कर अपने रिलेशनशिप को एक स्टेप और आगे लेकर जाना चाहते हैं. ऐसी खबरें आ रही हैं कि दोनों ज्यादा बड़ी नहीं बल्कि छोटी शादी करना चाहते हैं. कॉर्टनी मई में शादी का प्लान बना रही हैं. ऐसा कहा जा रहा है कि कॉर्टनी मीडिया की इसमें इन्वॉल्वमेंट नहीं चाहतीं इसलिए वो सब प्राइवेसी से करना चाहती हैं.


कॉर्टनी की शादी के आउटफिट के लिए डिजाइनर्स उन्हें उनकी ड्रेस का स्केच दिखा रहे हैं. बता दें कि दोनों के रिलेशनशिप की खबरें पिछले साल जनवरी से आ रही थी और दोनों ने फिर वैलेंटाइन्स डे के मौके पर रिलेशनशिप की ऑफिशयल अनाउंसमेंट की. अक्टूबर 2021 में ट्राविस ने कॉर्टनी को प्रपोज किया. ट्राविंस उस दौरान काफी नर्वस थे, लेकिन कॉर्टनी ने तुरंत उन्हें हां कह दिया था.

बता दें कि कॉर्टनी पहली बार शादी के बंधन में बंधने वाली हैं. इससे पहले वह स्कॉट डिसिक के साथ रिलेशनशिप में थीं. दोनों के 3 बच्चे है. वहीं बार्कर ने इससे पहले मेलिस्सा केनेडी इससे पहले 2 बार शादी कर चुके हैं. मेलिसा केनेडी के साथ उनकी शादी 1 साल चली तो वहीं शन्ना मोकलर के साथ उनकी शादी 4 साल चली.

# ब्रह्मास्त्र, शक्तिमान से लेकर आदिपुरुष तक, फिक्शनल और माइथोलॉजिकल फिल्मों में दाव लगा रहे हैं फिल्ममेकर








बाहुबली, तान्हाजी द अनसंग वॉरियर, केजीएफ, पुष्पा जैसी फिल्मों के बाद से ही भारत में फिक्शनल और फेंटेसी जोनर की फिल्मों का क्रेज बढ़ गया है। इसका नतीजा ये रहा है कि अब इंडस्ट्री के बड़े फिल्ममेकर भी बड़े बजट में इसी जोनर की फिल्में तैयार कर रहे हैं। आइए जानते हैं भारत में बन रहीं अपकमिंग बड़े बजट की फिक्शनल और फेंटेसी फिल्में कौन सी हैं-

### ब्रह्मास्त्र

आलिया भट्ट, रणबीर कपूर और अमिताभ बच्चन स्टारर ब्रह्मास्त्र बॉलीवुड की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक है। ये एक फेंटेसी एडवेंचर वाली मॉडर्न माइथोलॉजिकल फिल्म होने वाली है। 300 करोड़ रुपए के बड़े बजट में तैयार हो रही इस फिल्म को तीन अलग-अलग हिस्सों में रिलीज किया जाने वाले है। ये पहली बार होगा जब भारत अपना सुपरहीरो बड़े स्तर पर लॉन्च करेगा। रिपोर्ट्स के अनुसार ये फिल्म एक ऐसे लड़की कहानी होने वाली है जिसे जन्म से ही सुपर पावर मिले हैं।

### राधे-श्याम

11 मार्च को रिलीज होने वाली राधे-श्याम एक रोमांटिक पीरियड ड्रामा फिल्म है जिसमें प्रभास और पूजा हेगड़े लीड रोल में नजर आने वाले हैं। फिल्म को 350 करोड़ के मेगा बजट में तैयार किया गया है जिसे हिंदी और तेलुगु भाषा में शूट किया गया है।

### शक्तिमान

टेलीविजन में सालों तक दर्शकों को एंटरटेन करने के बाद अब भारत का पहला सुपरहीरो शक्तिमान अब जल्द बड़े पर्दे पर आने वाला है। इस फिल्म को सोनी पिक्चर इंटरनेशनल द्वारा बनाया जाएगा, हालांकि इसका कोई टाइटल फाइनल नहीं किया गया है। खबरों की मानें तो रणवीर सिंह इस ट्राइलॉजी फिल्म में लीड रोल निभा सकते हैं। बता दें कि शक्तिमान शो को दूरदर्शन चैनल पर 1997 से 2005 तक प्रसारित किया गया था।

### छत्रपति शिवाजी महाराज

डायरेक्टर नागराज मंजुले जल्द ही छत्रपति शिवाजी महाराज पर ट्राइलॉजी लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म में मराठा साम्राज्य के बनने के कहानी पर रोशनी डाली जाएगी। ये फिल्म एक दो नहीं बल्कि तीन पार्ट में बनेगी। फिल्म में रितेश देशमुख छत्रपति शिवाजी की भूमिका निभाएंगे। इस फिल्म को हिंदी, मराठी के साथ साउथ की अन्य भाषाओं में भी बनाए जाने की खबरें हैं।

### आदिपुरुष

500 करोड़ के बड़े बजट में तैयार हो रही फिल्म आदिपुरुष एक माइथोलॉजिकल फिल्म होने वाली है जिसमें साउथ सुपरस्टार प्रभास भगवान राम के लीड रोल में नजर आएंगे। इस फिल्म में कृति सेनन सीता और सैफ अली खान रावण के रोल में कास्ट किए गए हैं। ओम राउत के निर्देशन में बन रही फिल्म को पैन इंडिया के लिए तैयार किया जा रहा है जिसे 3डी में रिलीज किया जाएगा।

### नागिन

श्रीदेवी, रेखा, रीना रॉय, मीनाक्षी शेषाद्री के बाद अब श्रद्धा कपूर भी बड़े पर्दे पर नागिन बनने के लिए तैयार हैं। फिल्ममेकर विशाल फुरिया पिछले कई महीनों से नागिन ट्राइलॉजी पर काम कर रहे हैं जिसे निखिल द्विवेदी द्वारा प्रोड्यूस किया जा रहा है। इस फिल्म में श्रद्धा इच्छाधारी नागिन का रोल निभाएंगी।

### सीताः द इंकार्नेशन

कंगना रनोट जल्द ही पीरियड ड्रामा फिल्म सीताः द इंकार्नेशन में माता सीता की भूमिका में नजर आने वाली हैं। फिल्म को आलौकिक देसाई निर्देशित करेंगे, जबकि इसे एसएस स्टूडियो और सलोनी शर्मा मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म की कहानी विजयेंद्र प्रसाद ने तैयार की है। ये एक मेगा बजट फिल्म होने वाली है जिसमें पहले करीना कपूर को कास्ट किए जाने की तैयारी थी, हालांकि फीस बढ़ाने की मांग के कारण उनकी जगह कंगना को कास्ट किया गया है।

फिल्म दम लगा के हईशा के 7 साल पूरे

# मैं हमेशा से अव्वल दर्जे के सिनेमा का हिस्सा बनना चाहती थीः भूमि पेडनेकर



बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने फिल्म दम लगा के हईशा में एक ओवर वेट, लेकिन आत्मविश्वास से भरपूर एक लड़की संध्या के किरदार निभाया था। एक खास विषय पर आधारित इस ऐतिहासिक फिल्म की सातवीं एनिवर्सरी के साथ ही सिनेमा में भूमि के भी सात साल का सफर पूरा हो रहा है। इस मौके पर भूमि ने एक एक्टर के रूप में इंडस्ट्री में बेहतरीन मौका उपलब्ध कराने का क्रेडिट निर्देशक शरत कटारिया को दिया है।

### शरत कटारिया का धन्यवाद

भूमि कहती हैं, दम लगा के हईशा मेरे करियर का एक महत्वपूर्ण क्षण था। अगर पीछे मुड़कर देखूं, तो मुझे लगता है कि अपनी पहली फिल्म के रूप में इस फिल्म का मिलना मेरे लिए वास्तव में महत्वपूर्ण था। क्योंकि महिलाओं को सही तरीके से पेश करने वाली फिल्मों का मिलना काफी मुश्किल होता है और यह तो शरीर की सकारात्मकता के बारे में साहसिक बयान दे रही थी। भूमि कहती हैं कि इस तरह की फिल्में रोज-रोज नहीं बनती हैं और महिलाओं को सिनेमा में चित्रण के लिहाज से अब एक उदाहरण बन चुकी इस खूबसूरत भूमिका के लिए मुझ पर भरोसा करने के लिए मैं मनीष शर्मा, शरत कटारिया, आदित्य चोपड़ा के साथ ही पूरी टीम को धन्यवाद देना चाहती हूं।

### नजरिए में बदलाव लाने वाले किरदार करना चाहती थी

उन्होंने आगे कहा. दम लगा के हईशा से मुझे एक एक्टर और परफॉर्मर के साथ-साथ एक ऐसी महिला के रूप में पहचान मिली, जो अपने काम के जरिए फेमिनिज्म को नई परिभाषा देने की कोशिश कर रही थी। मैं हमेशा से अव्वल दर्जे के सिनेमा का हिस्सा बनना चाहती थी, और समाज में लड़की को देखने के नजरिए में बदलाव लाने वाले किरदारों को पर्दे पर निभाना चाहती थी। यही तो मेरे एक्टर बनने का मकसद है।

### भूमि का वर्कफ्रंट

भूमि के पास इस साल कई प्रोजेक्ट्स हैं, जिसमें अनुभव सिन्हा की 'भीड़', अजय बहल की 'द लेडी किलर', शशांक खेतान की 'गोविंदा आला रे', अक्षय कुमार स्टारर 'रक्षा बंधन', सुधीर मिश्रा की 'आफवा' और गौरी खान द्वारा निर्मित 'भक्षक' शामिल हैं।

# घर से 300 रुपये लेकर निर्देशक बनने निकले थे प्रकाश झा, फुटपाथ पर गुजारनी पड़ीं कई रातें

बॉलीवुड के जाने माने प्रोड्यूसर व डायरेक्टर प्रकाश झा का आज 70वां जन्मदिन है। 27 जनवरी 1952 को बिहार के चंपारण में जन्में प्रकाश झा ने सैनिक स्कूल तिलैया से अपनी शुरुआती पढ़ाई पूरी करने के बाद दिल्ली यूनिवर्सिटी के रामजस कॉलेज में दाखिला लिया। पेंटर बनने के सपने को पूरा करने के लिए निर्देशक ने स्नातक की पढ़ाई को बीच में ही छोड़कर मुंबई आने का फैसला किया। मुंबई पहुंचने के बाद प्रकाश झा ने जेजे स्कूल ऑफआर्ट्स जॉइन किया और अपनी पेंटिंग स्किल्स को निखारने में व्यस्त हो गए। एक दिन उन्होंने मुंबई में चल रही फिल्म 'ड्रामा' की शूटिंग देखी। उन्हें इतना मजा आया कि उन्होंने अपना पेंटर बनने का ईरादा बदल दिया और निर्देशक बनने की ओर कदम बढ़ाने लगे।



### पुणे की ओर हुए रवाना

साल 1973 की बात है। फिल्म 'धर्मा' की शूटिंग चल रही थी। प्रकाश झा ने फिल्म के प्रोडक्शन को ध्यान से देखा और अन्य बारीकियां सिखने के लिए एफटीआईआई (फिल्म एंड टेलिविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया), पुणे जॉइन कर लिया। यहां उन्होंने प्री-प्रोडक्शन व पोस्ट प्रोडक्शन का काम और एडिटिंग करना सीखा। लेकिन कुछ कारणों की वजह से इंस्टीट्यूट बंद हो गई और पढ़ाई के बीच में ही प्रकाश झा को मुंबई आना पड़ा।

### 300 रुपये लेकर घर से निकले थे प्रकाश झा

काम न करने की वजह से प्रकाश झा के पास रूम का रेंट भरने और खाने तक के पैसे नहीं थे। एक साक्षात्कार के दौरान प्रकाश झा ने अपने स्ट्रगल के दिनों को याद कर बताया था कि मैं घर से सिर्फ 300 रुपये और कैमरे लेकर निकला था। उस समय माता-पिता के साथ रिश्ते अच्छे नहीं थे। पिताजी को इस कदर नाराज थे कि उन्होंने 5 सालों तक मुझसे बात नहीं की थी।


### जुहू बीच के फुटपाथ पर बीतीं रातें


घर छोड़कर मुंबई आने के बाद प्रकाश झा को काम मिलने में समय लग रहा था। अब तक उनके 300 रुपये भी खत्म हो गए थे। माता-पिता से रिश्ते अच्छे न होने की वजह से उनसे भी मदद नहीं मांग पा रहे थे। यही वजह थी कि उन्हें मुंबई के जुहू बीच के फुटपाथ पर कई रातें गुजारनी पड़ी। लेकिन, धीरे-धीरे संघर्ष के बीच रास्ते खुलते गए और वह अपनी फिल्मों के जरिए बॉलीवुड में सफलता का परचम लहराते गए।

### दीप्ति से की शादी

प्रकाश झा ने साल 1985 में मशहूर अभिनेत्री दीप्ति नवल से शादी कर ली। शादी के बाद दोनों ने एक बेटी को गोद लिया जिसका नाम दिशा है। दोनों काफी खुश थे। हालांकि शादी के 17 सालों बाद दोनों ने अलग होने का फैसला किया और तलाक ले लिया।

# ऋतिक रोशन ने रूमर्ड गर्लफ्रेंड सबा आजाद को शो से पहले किया चीयर, लिखा- कमाल कर दो तुम लोग





बॉलीवुड एक्टर ऋतिक रोशन और सिंगर सबा आजाद के रिलेशनशिप में होने की चर्चा काफी जोरों-शोरों से हैं। अक्सर दोनों को एक साथ स्पॉट किया जाता है। अब हाल ही में ऋतिक ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया और फैन्स को अपने रिश्ते की हिंट दी। दरअसल ऋतिक ने फोटो शेयर कर सबा के स्टेज परफॉर्मेंस से पहले उन्हें चीयर किया, जो शुक्रवार रात पुणे में था।

### ऋतिक ने किया सबा को चीयर

ऋतिक ने अपने पोस्ट में लिखा, कमाल कर दो तुम लोग। ऋतिक ने जो फोटो पोस्ट की है, उसमें सबा के साथ नसीरुद्दीन शाह के बेटे इमाद शाह भी हैं, इमाद, सबा के एक्स बॉयफ्रेंड हैं। यह फोटो उनके इलेक्ट्रो-फंक बैंड मैडबॉय/मिंक का है, जिनका शो शुक्रवार की रात पुणे में हुआ। इसमें सबा की परफॉर्मेंस थी। बता दें ये पहली बार है जब ऋतिक ने सोशल मीडिया पर सबा के लिए कुछ पोस्ट शेयर किया है।

### सुजैन ने की सबा के परफॉर्मेंस की तारीफ

ऋतिक की एक्स वाइफ सुजैन ने इससे पहले अपनी सोशल मीडिया स्टोरी पर सबा के सिंगिंग परफॉर्मेंस की तारीफ की थी। सुजैन ने लिखा था, क्या कमाल की शाम थी। तुम सुपर कूल और सुपर टैलेंटेड हो सबा। सबा ने सुजैन के पोस्ट को री-शेयर करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया और लिखा, थैंक्यू..मेरी सुजी कल रात आप वहां थीं, इसलिए मैं बहुत खुश हूं।

### नसीरुद्दीन शाह के बेटे के साथ लिव-इन में रहती थीं सबा

दरअसल कुछ दिन पहले ही ऋतिक को सबा के साथ डिनर डेट के बाद स्पॉट किया गया था। वायरल हुई वीडियो में ऋतिक, सबा को पैपराजी से बचाते हुए कार में बैठाते हुए नजर आ रहे थे। इस दौरान दोनों ने एक-दूसरे का हाथ थामा हुआ था। फोटोज और वीडियोज के आने के बाद से ही दोनों के रिश्ते की खबरें सुर्खियों में आने लगीं।

ऋतिक से पहले सबा का नाम एक्टर इमाद शाह से जुड़ चुका है। इमाद, नसीरुद्दीन शाह के बेटे हैं, जिनके साथ सबा सालों पहले लिव-इन में थीं। वर्क फ्रंट की बात करें तो फिल्मों और गानों के अलावा सबा के पास कई कमर्शियल एड हैं। सबा कैडबरी, पोंड्स, मैगी, टाटा स्काय, गूगल, किट-कैट, वोडाफोन, सनसिल्क, नैस्कैफे, एयरटेल के एड में नजर आ चुकी हैं।

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- 9303289950, 9827806026, 8962815243





















## खास खबर

### मंत्री अनिला भेंडिया ने विभिन्न वनांचल ग्रामों में किया विकास कार्यों का लोकार्पण, शिलान्यास

**बालोद।** प्रदेश की महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती अनिला भेंडिया आज डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के विभिन्न वनांचल ग्रामों में पहुँचकर विकास कार्यों का लोकार्पण, शिलान्यास किया और ग्रामीणों को अपनी बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। मंत्री श्रीमती भेंडिया ने ग्राम बड़ाजुंगेरा में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में अतिरिक्त कक्ष निर्माण और शासकीय कन्या आश्रम में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। ग्राम लोहारटोला में सी.सी.रोड निर्माण कार्य का लोकार्पण और निर्मला घाट निर्माण कार्य के लिए शिलान्यास किया। उन्होंने ग्राम कोड़ेकसा में नवीन आंगनबाड़ी केन्द्र भवन का लोकार्पण किया और ग्राम झीकाटोला में नवीन शासकीय प्राथमिक शाला भवन और सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। मंत्री श्रीमती भेंडिया ने लोकार्पण, शिलान्यास कार्यक्रम के अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में समाज के सभी वर्गों की बेहतरी के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि वे धान के अतिरिक्त दलहन-तिलहन फसल लें। भांठा टिकरा जमीन पर कोदो, कुटकी, रागी आदि फसल लेकर अपनी आमदनी में बढ़ोत्तरी करें।

### छत्तीसगढ़ी सम्यता को बनाए रखने के लिए मर्यादा जरुरी है - सुनील साहू

**राजिम।** लोकरंग अर्जुंदा के सह-संचालक सुनील साहू ने मीडिया सेंटर में बातचीत के दौरान कहा कि छत्तीसगढी बोली को 8वीं अनुसूची में दर्ज कराने के लिए हमें मिलकर प्रयास करना होगा। शासकीय विभागों में बातचीत का माध्यम छत्तीसगढ़ी में अनिवार्य करना होगा। अपनी भाषा का सम्मान हम पहले करें, तभी यह संभव हो पायेगा। उन्होने बताया की लोकरंग मंच को प्रारंभ करने में हमें बहुत ही मुश्किलों का सामना करना पड़ा। कलाकारों को तराश कर कला, संस्कृति और परंपरा को कैसे सहेज कर रखना है इस बात का ध्यान रखना पड़ता है। इसके लिए हम 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला नि:शुल्क लगाकर लोककला के हर विधा को सिखाते है।

# समावेशी, न्यायसंगत तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रत्येक बच्चे का अधिकार : वेंकैया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नई दिल्ली (पीआईबी)। उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडु ने आज जोर देकर कहा कि समावेशी, न्यायसंगत और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रत्येक बच्चे का अधिकार है। उन्होंने निजी स्कूलों से वंचित वर्गों के और जरूरतमंद बच्चों की मदद के लिए नीतियां बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों और निर्बल लोगों की सहायता के लिए हाथ बढ़ाने को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।**



नायडु ने आज बेंगलुरु के ग्रीनवुड हाई इंटरनेशनल स्कूल में कला, नाटक और संगीत के लिए एक समर्पित ब्लॉक- अत्याधुनिक इंडोर स्पोर्ट्स एरिना और एलएटेलियर का उद्घाटन करने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए, कम उम्र में सेवा, भावना को विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उपराष्ट्रपति ने कहा, स्कूलों को अपने पाठ्यक्रम में सामुदायिक सेवा को शामिल करना चाहिए ताकि बच्चों में कम उम्र में ही समाज को वापस देने का दृष्टिकोण विकसित हो। उपराष्ट्रपति ने शिक्षण संस्थानों से अध्ययन, खेल, सह-पाठ्यक्रम और मनोविनोद गतिविधियों को समान महत्व देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के दृष्टिकोण से छात्रों का सर्वांगीण विकास होगा और उन्हें आत्मविश्वासी बनाया जाएगा। उन्होंने यह इच्छा जताई कि शिक्षण संस्थान छात्रों को बागवानी, वृक्षारोपण और जल संरक्षण जैसी गतिविधियों से जोड़ें। उन्होंने कहा कि यह बच्चों को प्रकृति के करीब लाएगा। उन्होंने 3आर- रिड्यूस, रीयूज और रीसायकल पर जोर देते हुए जल संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

यह रेखांकित करते हुए कि एनईपी-2020 पाठ्येत्तर गतिविधियों पर बल देता है, नायडु ने सभी राज्यों से खेल, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों को प्राथमिकता देने और छात्रों के बीच नैतिक मूल्यों को विकसित करने का आग्रह किया। उपराष्ट्रपति ने मूल्यों के ह्रास पर चिंता व्यक्त करते हुए छात्रों से हमारे सभ्यतागत मूल्यों को आत्मसात करने और भारत की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत की रक्षा करने का प्रयास करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, हमें मूल्यों को बहाल करना चाहिए, विरासत को संरक्षित करना चाहिए, अपनी संस्कृति को बढ़ावा देना चाहिए और भारतीय होने पर गर्व महसूस करना चाहिए।

यह कहते हुए कि एक समय में भारत को विश्व गुरु के रूप में जाना जाता था, नायडु ने कहा कि लंबे समय तक औपनिवेशिक शासन के कारण हमने अपने गौरवशाली अतीत को भुला दिया है। उन्होंने कहा, भारत आज आगे बढ़ रहा है और यह अपनी जड़ों की ओर वापस जाने का समय है। मातृभाषा को बढ़ावा देने और प्रसारित की अपनी अपील को दोहराते हुए, उपराष्ट्रपति ने कहा कि कोई व्यक्ति जितनी चाहे उतनी भाषाएं सीख सकता है लेकिन हमेशा मातृभाषा सीखने को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। हमारे दैनिक जीवन में शारीरिक फिटनेस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, नायडु ने इच्छा जताई कि फिट इंडिया आंदोलन हर स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय, पंचायत और गांव तक पहुंचे। नायडु ने कला को अनंत बताते हुए कहा कि कला हमारी कल्पना को आकार देती है और एक ऐसी सार्वभौमिक भाषा बोलती है जिसकी कोई सीमा नहीं होती।

नायडु ने भारत के अनूठे और विविध नृत्य रूपों को संदर्भित करते हुए कहा कि भरतनाट्यम, कथकली और कुचिपुड़ी का उल्लेख कई प्राचीन कला रूपों में किया गया है जो पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ते रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि, भारत की कला, संगीत और नाटक दुनिया को इसके सबसे बड़े उपहार हैं और यह हम में से प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि हम अपने समृद्ध और विविध कला रूपों की रक्षा करें और उसका प्रचार करें।

# 3 से 5 मार्च तक 'बूटा कटाई तिहार' मनायेंगे संग्राहक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। अच्छी गुणवत्ता के तेन्दूपत्ता संग्रहण के उद्देश्य से विगत दिवस जिला यूनियन स्तरीय शाखकर्तन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन नीलाम हॉल काष्ठागार कोंडागांव में किया गया। इसमें तेन्दूपत्ता संग्रहण पूर्व शाखकर्तन कार्य, तेन्दूपत्ता संग्रहण, परिवहन, भण्डारण एवं भुगतान के संबंध में वनमंडलाधिकारी सह प्रबंध संचालक श्री यू.के. गुप्ता द्वारा आवश्यक निर्देश दिए गए।**




साथ ही उनके द्वारा वनों को अग्नि से सुरक्षा के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। चालू वर्ष के दौरान दक्षिण कोण्डागांव वनमंडल अंतर्गत 21 हजार मानक बोरा तेन्दूपत्ता के संग्रहण का लक्ष्य है।

वनमंडलाधिकारी श्री गुप्ता ने कार्यशाला में उपस्थित उप वनमंडलाधिकारी, परिक्षेत्र अधिकारी, पोषक अधिकारी, फड़ अभिरक्षक, प्रबंधक, फड़मुंशी, समिति के संचालक मंडल एवं तेन्दूपत्ता संग्राहकों को वर्ष 2022 में तेंदूपत्ता शाखकर्तन कार्य के सुचारू संचालन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। दक्षिण कोण्डागांव वनमंडल अंतर्गत आगामी 03 मार्च से 05 मार्च 2022 तक समस्त फड़ों में 'बूटा कटाई तिहार' के रूप में मनाया जाएगा। इसके तहत वनमंडल के समस्त समितियों को एक साथ शाखकर्तन कार्य करने के निर्देश दिये गये है, ताकि वनमंडल अंतर्गत शाखकर्तन के लगभग 45-50 दिनों के बाद एक साथ तेंदूपत्ता तोड़ाई का कार्य प्रारंभ हो सके।

कार्यशाला में उपस्थित समस्त प्रबंधक, फड़मुंशी, गणमान्य व्यक्तियों, वनमंडल अधिकारी कर्मचारियों ने निर्णय लिया है कि इस दौरान दक्षिण कोण्डागांव वनमंडल में उच्च गुणवत्ता के तेंदूपत्ता संग्रहण पर विशेष जोर दिया जाएगा। जिससे तेंदूपत्ता संग्राहकों को तेन्दूपत्ता के संग्रहण में अधिक से अधिक लाभ मिल सके। कार्यशाला में उप वनमंडलाधिकारी दक्षिण कोंडागांव श्री एम.एस. नाग द्वारा तेन्दूपत्ता शाखकर्तन, संग्रहण, भण्डारण एवं भुगतान के संबंध में विस्तृत प्रकाश डाला गया। जिला यूनियन दक्षिण कोण्डागांव में कुल 11 लॉटों में से 04 लॉट अग्रिम में विक्रय हो चुका है, शेष 07 लॉट में विभागीय खरीदी की जायेगी। कार्यशाला में समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं प्रबंधक, फड़मुंशियों समिति के संचालक मंडल सहित 270 प्रतिभागी शामिल हुए।

# मुख्यमंत्री ने राजस्व प्रकरणों के समय-सीमा में निराकरण के लिए दिए निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश के विभिन्न तहसीलों में राजस्व प्रकरणों के निराकरणों में हो रहे विलंब को गंभीरता से लिया है। उन्होंने राजस्व प्रकरणों के तेजी से निराकरण कराने के लिए सभी संभाग आयुक्तों को निर्देश दिए हैं।**


मुख्यमंत्री श्री बघेल ने सभी संभागीय कमिश्नरों से कहा है कि वे तहसील कार्यालयों में आने वाले राजस्व प्रकरणों के निराकरण की सतत् रूप से मानीटरिंग करें और माह में कम से कम दो तहसीलों अथवा उप तहसीलों का अनिवार्य रूप से निरीक्षण करें। निरीक्षण के दौरान अधिवक्ताओं एवं आम जनता से अवश्य रूप से भेंट भी करें, साथ ही उन्हें भेंट के लिए तय समय और तिथि के बारे में पूर्व में अवगत कराया जाए।


मुख्यमंत्री ने कहा है कि तहसील कार्यालय में प्रत्येक राजस्व प्रकरण पंजीबद्ध होना चाहिए। कोई भी प्रकरण अपंजीबद्ध न हो। राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए तय की गई समय-सीमा का अनिवार्य रूप पालन किया जाए, समय-सीमा में प्रकरण का निराकरण नहीं होने पर संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी से स्पष्टीकरण लिया जाए। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव से कहा है कि वे संभागीय आयुक्त माह में दो बार पालन प्रतिवेदन प्राप्त करें। मुख्यमंत्री मुख्य सचिव के माध्यम से प्राप्त इन पालन प्रतिवेदन का स्वयं अवलोकन करेंगे।

# स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के बजट-उपरान्त वेबिनार का किया उद्घाटन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के बजट-उपरान्त वेबिनार का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री द्वारा सम्बोधित बजट-उपरान्त वेबिनारों की कड़ी में यह पांचवां वेबिनार है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री, सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के स्वास्थ्य सुविधा प्रोफेशनल, पैरा-मेडिकल, नर्सिंग, स्वास्थ्य प्रबंधन, प्रौद्योगिकी और अनुसंधान से जुड़े प्रोफेशनल भी उपस्थित थे।**





अपने सम्बोधन के आरंभ में प्रधानमंत्री ने दुनिया के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान को सफलतापूर्वक चलाने के लिये स्वास्थ्य क्षेत्र को बधाई दी, जिसने यह साबित कर दिया कि भारत की स्वास्थ्य सुविधा प्रणाली असरदार है और उसकी लक्ष्यकारी प्रकृति है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि बजट, स्वास्थ्य सुविधा सेक्टर में सुधार तथा बदलाव के प्रयासों को गति देने वाला है। ये सुधार और बदलाव पिछले सात वर्षों से किये जा रहे हैं। उन्होंने जोर देते हुये कहा, हमने अपनी स्वास्थ्य सुविधा प्रणाली में समग्र नजरिये को अपनाया है। आज हमारा ध्यान न केवल स्वास्थ्य पर, बल्कि आरोग्य पर भी उतना ही ध्यान है। प्रधानमंत्री ने तीन घटकों पर प्रकाश डाला, जो स्वास्थ्य सेक्टर को समग्र और समावेशी बनाने के प्रयासों पर जोर देते हैं। पहला, अवसंरचना और मानव संसाधन संबंधी आधुनिक चिकित्सा विज्ञान का विस्तार। दूसरा, आयुष जैसी पारंपरिक भारतीय चिकित्सा प्रणालियों में अनुसंधान को प्रोत्साहन तथा स्वास्थ्य सुविधा प्रणाली में उनकी सक्रिय संलग्नता। तीसरा, आधुनिक और भविष्यगामी प्रौद्योगिकी के जरिये देश के प्रत्येक क्षेत्र को और प्रत्येक नागरिक को सस्ती स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करना। उन्होंने कहा, हमारा प्रयास है कि जरूरी स्वास्थ्य सुविधायें ब्लॉक स्तर, जिला स्तर और गांवों के नजदीक उपलब्ध हों। इस अवसंरचना को कायम रखना तथा समय-समय पर उन्नत करते रहने की जरूरत है। इसके लिये निजी क्षेत्र और अन्य क्षेत्रों को ज्यादा ऊर्जा के साथ आगे आना होगा।

प्रधानमंत्री ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा तंत्र को मजबूत बनाने के लिये 1.5 लाख स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्रों पर काम तेजी से चल रहा है। अब तक 85,000 से अधिक केंद्र नियमित जांच, टीकाकरण और परीक्षण की सुविधा प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बजट में मानसिक स्वास्थ्य सुविधा को भी जोड़ दिया गया है। चिकित्सा सम्बंधी मानव संसाधन में बढ़ोतरी करने के मामले में प्रधानमंत्री ने कहा, जैसे-जैसे स्वास्थ्य सेवा की मांग बढ़ रही है, उसके अनुसार ही हम कुशल स्वास्थ्य प्रोफेशनल तैयार करने का भी प्रयास कर रहे हैं। इसलिये, बजट में स्वास्थ्य शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधा से जुड़े मानव संसाधन विकास के लिये पिछले साल की तुलना में बड़ी वृद्धि की गई है। प्रधानमंत्री ने स्वास्थ्य सुविधा समुदाय का आह्वान किया कि वह प्रौद्योगिकी की सहायता से इन सुधारों को आगे ले जाने का काम निर्धारित समय-सीमा के साथ करे।

# कैबिनेट ने पांच साल के लिए आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के कार्यान्वयन को दी मंजूरी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नई दिल्ली( पीआईबी )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने आज निम्नलिखित को मंजूरी दी सीआईएल (सीआईएल)/सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) की एक ई-नीलामी विंडो के माध्यम से कोयला कंपनियों द्वारा सभी गैर-लिंकेज कोयले की उपलब्धता।

यह ई-नीलामी व्यापारियों सहित सभी क्षेत्रों जैसे विद्युत क्षेत्र और गैर-विनियमित क्षेत्र (एनआरएस) जरूरतों को पूरा करेगी और इस नीलामी के माध्यम से क्षेत्र विशेष की नीलामियों की वर्तमान प्रणाली के स्थान पर कोयला उपलब्ध कराया जाएगा। उपरोक्त मंजूरी सीआईएल/एससीसीएल के मौजूदा लिंकेज के लिए कोल लिंकेज आवश्यकताओं को पूरा करने की शर्त पर होगी और अनुबंधित कीमतों पर विद्युत एवं गैर-विद्युत उपभोक्ताओं के लिए मौजूदा लिंकेज को प्रभावित नहीं करेगा। एकल ई-नीलामी विंडो के माध्यम से उपलब्ध कराये जाने वाले कोयले का परिवहन का मूलभूत विकल्प रेलवे होगा। तथापि, उपभोक्ताओं द्वारा कोयला कंपनियों को कोई अतिरिक्त शुल्क या छूट दिए बिना उनकी पसंद और उपयुक्तता के आधार पर सड़क परिवहन/अन्य तरीकों से कोयला उठाया जा सकता है।

सीआईएल/एससीसीएल द्वारा अपने स्वयं के गैसीकरण संयंत्रों के लिए मौजूदा कोयला लिंकेज के लिए आपूर्ति को प्रभावित किए बिना कोयले के दीर्घकालिक आवंटन की अनुमति कोयला कंपनी द्वारा तय की गई कीमतों पर दी जाएगी। हालांकि, बिजली क्षेत्र के लिए कोयले की अधिसूचित कीमतों पर कोयला कंपनियों द्वारा करों, शुल्कों, रॉयल्टी आदि का भुगतान किया जाएगा। बाजार की विकृतियों को दूर किया जाएगा और सभी उपभोक्ताओं के लिए एकल दर ई-नीलामी बाजार में लागू की जाएगी। यह परिचालन क्षमता में वृद्धि करेगा और घरेलू कोयला बाजार में दक्षता से घरेलू कोयले की मांग में वृद्धि करेगा।

### जिला शिक्षा अधिकारी ने पैराडाइज स्कूल के लैब, लाइब्रेरी एवं अन्य कक्षों का अवलोकन किया

**रायपुर।** पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल के सुसज्जित सभी लैब, लाइब्रेरी कक्ष, इनडोर स्पोर्ट, म्युजिक क्लास, आर्टस एवं क्रफ्ट आदि कक्षाओं का जिला शिक्षा अधिकारी टी.आर. साहू द्वारा अवलोकन किया गया। ईमलीपारा स्थित पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल ने सी.बी.एस.ई. मान्यता प्राप्त कर लिया है। जिनका मान्यता क्रमांक 3330487 है। इस विद्यालय में आगामी नये सत्र से सी.बी.एस.ई. पाठ्यक्रम का अध्यापन प्रारंभ होगा। आगामी दिनों में 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के साथ-साथ अन्य कक्षाओं के भी वार्षिक परीक्षा प्रारंभ हो रही है। जिला शिक्षा अधिकारी टी.आर. साहू ने बच्चों की शिक्षा के संबंध में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन देते हुए परीक्षा की तैयारी सम्बधी दिशा निर्देश दिये एवं शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को अच्छे परिणाम प्राप्त करने के लिये शुभकामनाये दी।








































## खास-खबर



### टैक्स वसूली करने गए सहायक राजस्व निरीक्षक से मारपीट, थाने में शिकायत दर्ज

**रायपुर ( ए )।** राजधानी रायपुर में शनिवार को एक निगम अधिकारी के मारपीट का मामला सामने आया। जहां टैक्स वसूली में करने गए निगम के सहायक राजस्व अधिकारी को करदाता के बेटे ने गाली-गलौज कर थप्पड़ जड़ दिया। जिसके बाद टिकरापारा थाना में शिकायत दर्ज की गई है। मामला टिकरापारा थाना अंतर्गत जोन-6 के वार्ड क्रमांक 63 का है। इस घटना के बाद पूरे निगम अधिकारियों में जमकर आक्रोश है। मिली जानकारी के अनुसार नगर निगम के सहायक राजस्व अधिकारी रमेश यदु को करदाता द्वारा कर की राशि भुगतान करने के लिए फोन कर घर बुलाया गया था। यदु द्वारा जीआइएस सर्वे के मुताबिक डिमांड बिल दिया गया। डिमांड़ बिल में त्रुटि को लेकर चेतन साहू द्वारा सहायक राजस्व निरीक्षक के साथ बदसलूकी करने लगा व गाली गलौज के बाद थप्पड़ भी जड़ दिया। जिसे लेकर नगर निगम के अधिकारी टिकरापारा थाना पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई।

### भाई के दशगात्र में गया था परिवार, चोरों ने जेवर और नकद किया पार

**बिलासपुर ( ए )।** सकरी क्षेत्र के घुरू स्थित सिद्धीविनायक नगर में रहने वाला परिवार शुक्रवार की रात दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने गया था। इसी बीच चोरों ने सूने मकान का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवर और 54 हजार रुपये नकद पार कर दिया। पीड़ित ने इसकी शिकायत सकरी थाने में की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर चोरों की तलाश कर रही है। सकरी क्षेत्र के सिद्धीविनायक नगर पाटनवार कालोनी में रहने वाली शरणजीत कौर(55) गृहणी हैं। शुक्रवार की रात वे अपने भाई के दशगात्र में शामिल होने के लिए सरकंडा के राजकिशोर नगर गई थीं। इस दौरान उनके मकान में ताला लगा था। रात में वे अपने भाई के मकान में ही रुक गई थीं। शनिवार की सुबह वे अपने घर लौटी। इस दौरान मेन गेट का ताला टूटा था। ताला तोड़कर घुसे चोरों ने मकान के कमरे में रखे सामान अस्त-व्यस्त कर दिए थे। आलमारी में रखी दो जोड़ी सोने की बाली, चांदी की पायल, सोने की अंगूठी, कपड़े, बर्तन और नकद 54 हजार रुपये गायब थे। पीड़ित ने इसकी जानकारी सकरी पुलिस को दी। इस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आसपास के लोगों से पूछताछ की है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### दिनदहाड़े मकान में घुसकर सोने-चांदी के जेवर और नकदी पार

**बिलासपुर ( ए )।** पचपेड़ी क्षेत्र के मानिकचौरी में रहने वाले गौतरिहा साहू किसान हैं। शुक्रवार की दोपहर वे अपनी पत्नी पंचकुंवर के साथ बैंक गए थे। इस दौरान उनके मकान में ताला लगा था। दोपहर दो बजे वे बैंक से लौटे। ताला खोलकर जब वे अंदर गए तो पीछे के दरवाजे खुला हुआ था। चोरों ने कमरे का ताला तोड़ दिया था। अंदर रखी पेटी का सामान बिखरा हुआ था। पेटी में रखे सोने और चांदी के जेवर व 10 हजार रुपये गायब थे। उन्होंने इसकी जानकारी आसपास के लोगों को दी। इसके बाद घटना की शिकायत पचपेड़ी थाने में की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर चोरों की तलाश कर रही है।

बुजुर्ग ने बहू को डांटा तो बेटे ने मार डाला

# समझाने गया तो उसे भी मारा, फिर कुल्हाड़ी मारकर कर दी पिता की हत्या

**तखतपुर (ए)।** बिलासपुर में एक बेटे ने अपनी ही पिता की हत्या कर दी है। बताया जा रहा है कि बुजुर्ग शराब पीकर घर में झगड़ा कर रहा था। वो अपनी बहू को गालियां दे रहा था। जिसके चलते आरोपी बेटा पिता को समझाने गया था। मगर बुजुर्ग ने अपने ही बेटे पर रॉड से हमका कर दिया। इसी बात से नाराज बेटे ने कुल्हाड़ी मारकर अपने पिता की हत्या की है। मामला तखतपुर थाना क्षेत्र का है।



छिरहा पचबहरा गांव में रहने वाले रामपुरी धुरी(64) शराब पीने का आदि था। वह हमेशा शराब पीकर घर में झगड़ा किया करता था। शनिवार दोपहर को भी वह शराब के नशे में घर पहुंचा था और अपनी बहू से विवाद कर रहा था। इस बात की जानकारी बहू ने करीब दोपहर डेढ़ बजे अपने पति दीपक धुरी(29) को दी थी तब वह घर आ गया।

### मौके पर ही मौत हो गई

दीपक ने घर आकर पहले तो पिता को समझाना शुरू किया। मगर रामपुरी धुरी कुछ सुनने को तैयार नहीं था। वो दीपक से भी झगड़ा करने लगा। इससे बाद उसने रॉड से दीपक को मारा। जिससे दीपक घायल हो गया। इसी बात से नाराज दीपक ने पास में रखे कुल्हाड़ी को उठाया और पिता पर कई वार गिए। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई।

### आस-पास के लोग घर पर पहुंच गए

घटना के बाद घर में चीख पुकार मच गई। दीपक की मां जोर-जोर से रोने लगी। जिसके बाद आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे। फिर इस बात की सूचना पुलिस को दी गई। खबर लगते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और आरोपी बेटे को घर से ही गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी से घटना में इस्तेमाल कुल्हाड़ी को भी जब्त कर लिया गया है।

# पति और प्रेमी ने मिलकर की थी महिला की हत्या, दोनों गिरफ्तार

**भिलाई।** उतई थाना क्षेत्र के जोरातराई दारू भट्ठी के पास जिस महिला की लाश मिली थी। पुलिस ने उसकी हत्या की गुत्थी को सुलझा लिया है। पुलिस ने इस हत्याकांड में महिला के दूसरे पति और प्रेमी को गिरफ्तार किया है। आरोपितों ने घर पर हत्या की और बाद उसकी लाश को बाइक से जोरातराई दारू भट्ठी के पास ले जाकर खंडहर फेंककर भाग गए थे। पूछताछ में दोनों आरोपितों ने हत्या की बात को स्वीकार की। जिसके बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा है। शुक्रवार की सुबह जोरातराई दारू भट्ठी के पास खंडहर में एक महिला की लाश मिली थी।

मृतका की पहचान जोरातराई निवासी पूजा निर्मलकर (35) के रूप में की गई। पुलिस की जांच के दौरान पता चला कि 12 साल जोरातराई निवासी विमलेश यादव से प्रेम विवाह किया था। लेकिन, पांच साल पहले उसने विमलेश को छोड़कर उमदा भिलाई-3 निवासी अविनाश झा से दूसरी शादी कर ली थी। पुलिस ने पहले पति विमलेश यादव और दूसरे पति अविनाश झा को हिरासत में लिया। पूछताछ करने पर अविनाश झा ने अपने पत्नी के प्रेमी मायाशंकर उर्फ राजू के साथ मिलकर हत्या करने की बात स्वीकार की। इस मामले में पूजा का चरित्र उसकी हत्या का कारण बना। बुधवार की रात को अविनाश झा ने अपने घर पर पार्टी रखी थी। वहां पर अविनाश, पूजा और मायाशंकर उर्फ राजू ने मिलकर शराब पी। घर पर ही गाना बजाकर तीनों डांस कर रहे थे। पूजा और राजू आपस में चिपककर अश्लील हरकत करने लगे। ये अविनाश को खराब लगा और वो शराब लाने का बहाने से घर से बाहर निकल गया। कुछ देर तक बाहर रहने के बाद उसने दरवाजे की आड़ से अंदर झांककर देखा तो पूजा और राजू आपत्तिजनक हालत में दिखे। इसके बाद अविनाश घर में गया और राजू से मारपीट की। सिर पर चोट लगने से राजू वहां से भाग गया। इसके बाद अविनाश ने पूजा को भी जमकर पीटा। देर रात में पूजा की तबीयत बिगड़ी तो अविनाश ने राजू से संपर्क किया।

12 साल से फरार चोर गिरफ्तार

## भिलाई पुलिस ने चलाया अभियान, सालों से फरार चल रहे 4 आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई।** दुर्ग पुलिस ने कई सालों से फरार चल रहे आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए तलाशी अभियान जारी किया हुआ है। इस अभियान में पुलिस ने 4 ऐसे आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है, जो पिछले 5-10 सालों से फरार थे और पुलिस की आंखों में धूल झोंककर अपने घरों में रह रहे थे।

एसएसपी दुर्ग बीएन मीणा ने कुछ दिन पहले पुराने फरार चल रहे आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए एक मीटिंग बुलाई थी। मीटिंग में उन्होंने सभी अधीनस्थ अधिकारियों को तलाशी अभियान चलाकर ऐसे लोगों की गिरफ्तार करने का निर्देश दिया था। इस क्रम में सुपेला पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। सुपेला टीआई सुरेश ध्रुव ने एक विशेष अभियान चलाकर सालों से छिप छिप कर रह रहे आरोपियों को बाहर निकाला और उसे गिरफ्तार किया। इसके बाद पुलिस ने इनके खिलाफ न्यायालय के पेंडिंग वारंट को भी निकाला। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### आर्म्स एक्ट और 12 साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

सुरेश ध्रुव ने बताया कि उन्होंने कई सालों से फरार चल रहे आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए अलग से एक विशेष टीम बनाई थी। इस टीम की मदद से उन्होंने मुखबिर को अलर्ट किया और उसके बाद तलाशी अभियान चलाया। इसमें उन्हें चार आदतन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली। इसमें छावनी क्षेत्र का नौ साल से फरार चोरी का आरोपी सलीम उर्फ सोनू, आरिफ भिलाई नगर क्षेत्र 7 साल पुराना फरार आर्म्स एक्ट का आरोपी सौरव दास, और खुर्सीपार इलाके का 12 साल से अधिक समय से फरार पुराना चोर अंबेडकर नगर निवासी सनी गिल को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है।

## लोगों ने देर रात पुलिस थाना घेरा मवेशियों से भरा ट्रक रोका तो तस्करों ने डंडों से किया हमला, कार भी तोड़ी

**धमतरी ( ए )।** मवेशियों को ट्रक व पिकअप में भरकर कुछ तस्कर कत्लखाना ले जा रहे थे। उन्हें पकड़ने गए लोगों पर तस्करों ने लाठी, डंडे से हमला कर दिया। कार के शीशे तोड़ दिए। सवार लोग जान बचाकर भाग निकले। फिर पिकअप में करीब 10 मवेशी लेकर तस्कर फरार हो गए। 20 मवेशी के साथ ट्रक पकड़ा गया। नाराज लोगों ने थाने का घेराव किया। रात 1 बजे पुलिस ने 6 लोगों पर केस दर्ज किया है। मैत्री विहार कॉलोनी निवासी अविनाश अग्रवाल, सूरज शर्मा, विक्की रजवानी, पंकज बोधवानी, निखिल सभी भोयना स्थित ढाबे में खाना खा रहे थे। रात करीब 11 बजे मवेशियों व लोगों की आवाज जंगल की ओर से सुनाई दी। सभी कार में बैठकर ढाबा के पीछे सड़क से करीब 150 मीटर अंदर घुसे, तो एक ट्रक व कुछ दूर पर एक पिकअप मिली, जिसमें गायें थीं। आसपास कोई व्यक्ति नहीं था। अचानक जंगल से 6 लोग लाठी, डंडे के साथ दौड़ते निकले। कार पर हमला किया। शीशे तोड़े और पिकअप में बैठकर भाग गए। ट्रक छोड़ दिया।

गौ-तस्करों द्वारा हमले की सूचना मिलने के बाद लोगों ने बड़ी संख्या में रात 12.40 बजे अर्जुनी थाने का घेराव किया। सभी लोग थाने के अंदर घुसे। पुलिस से एफआईआर और आरोपियों को तुरंत पकड़ने पुलिस भेजने की मांग की गई। टीआई गगन वाजपेई घटना स्थल से तुरंत थाने आए। उन्होंने एफआईआर लिखी।

अर्जुनी टीआई गगन वाजपेई ने बताया कि प्रार्थी अविनाश अग्रवाल की रिपोर्ट पर हितेश वर्मा सहित अज्ञात 5 अन्य के खिलाफ केस दर्ज हुआ है।

# सगाई टूटने के तीसरे दिन युवती ने जहर खाकर खुदकुशी कर ली

**बिलासपुर ( ए )।** न्यायधानी के सीपत क्षेत्र में रहने वाली युवती ने जहर खाकर खुदकुशी कर ली। पूछताछ में मृतिका के स्वजनों ने पुलिस को बताया कि युवती की शादी होने वाली थी। अचानक तीन दिन पहले उसकी सगाई टूटी थी। तब से वह गुमसुम रहने लगी थी। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

सीपत थाना क्षेत्र के ग्राम बमहू के रहने वाली आरती दास पिता रामगोपाल 19 वर्ष घर के काम में परिवार के हाथ बंटाती थी। बीते शुक्रवार को सुबह आरती घर पर थी। स्वजन भी अपने अपने काम पर व्यस्त थे। इसी दौरान आरती की तबीयत खराब हो गई। उसे उल्टी होने लगी। घर पर मौजूद स्वजनों ने उसे उल्टी करते हुए देख कर पूछताछ की। तब आरती ने कीटनाशक दवा पीने की जानकारी दी।



घबराए स्वजनों ने आनन फानन में उसे सिम्स मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। इस दौरान स्वजनों ने सिम्स के डाक्टरों को कीटनाशक दवाई पीने की बात बताई। इसके बाद डाक्टर ने गंभीर युवती को मेडिकल वार्ड में भर्ती किया और तत्काल इलाज शुरू कर दिया। धीरे धीरे युवती की तबीयत बिगड़ने लगी। इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

डाक्टर ने जांच कर युवती को मृत घोषित कर दिया और स्वजनों को जानकारी दी। इसके बाद सबको वार्ड से मरच्यूरी शिफ्ट करने के निर्देश दिए। सिम्स के वार्ड ब्वाय ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मरच्यूरी ले गए। मौत की सूचना सिम्स पुलिस चौकी को दी गई। सिम्स चौकी प्रभारी ने पंचनामा तैयार किया और मृतका के स्वजनों का बयान दर्ज किया।

स्वजनों ने खुदकुशी के कारण को जानने से इन्कार कर दिया है। पुलिस ने पांच लोगों का लिखित में बयान दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराया। फोरेंसिक विभाग के डाक्टरों ने मृतिका के शव का पोस्टमार्टम किया गया। फिर शव को स्वजनों को सौप दिया गया। पुलिस मार्ग कायम कर मामले की जांच कर रही हैं।

### शादी तय हो चुकी थी

स्वजनों ने पुलिस को बताया कि मृतका की शादी तय हो चुकी थी। स्वजन तैयारी में जुटे थे। तीन दिन पहले अचानक सगाई टूट गई। तब से आरती शांत व परेशान रहने लगी थी। किसी से ठीक से बात नही करती थी। स्वजन दूसरे जगह रिश्ते देख रहे थे।


नये लुक एवं वैरायटी में सागौन लकड़ी द्वारा निर्मित
अरिहंत फर्नीचर शो रुम | नमन सेल्स फर्नीचर शो रुम
20% डिस्काउंट के साथ उपलब्ध
• सागौन निर्मित इंडियन मॉडल, वॉल मॉडल, डी मॉडल गुजराती सोफा
• लकड़ी सोफा 9500/- से शुरु (वारंटी के साथ)
• लकड़ी पलंग हाई क्वालिटी के साथ
• स्टील आलमारी आटोमेटिक प्लांट द्वारा निर्मित, भट्टी पेंट वाली
• कम्प्यूटर टेबल, ऑफिस टेबल, डेनिंग टेबल कम्प्यूटर चेयर ऑफिस चेयर इत्यादि की वैरायटी
आजाद मार्केट, रिसाली (भिलाई मसाला उद्योग के पीछे), भिलाई, मो. 9424151009, 9301188428

Authorised For : SOMANY Wall & Floor Tiles
All Size of Tiles, Granite and Sanitaries
SHRI BALAJI TILES
Krishna Talkies Road, SBI Building, Opp. Church, Risali, Bhilai-490006 Distt.-Durg (C.G.), Mo.-9518326808
E-mail:- balajitilescg@gmail.com

आदित्य ड्राई क्लीनर्स
Pick & Drop Service Available (Terms & Condition Applied)
98271-90875 99938-08453 75877-57239
सोफा पर्दा कारपेट सीटकवर लेदर जैकेट टेड्डी वियर शू
सभी प्रकार के कपड़ों का आधुनिक तकनीकी से ड्राईक्लीन किया जाता है।
Shop NO.-105, "A" Market, Sector-6, Bhilai (C.G.)

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR Mob.-9840760388 7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, विजय भवन के पास, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

MemSaheb Ladies wear
JOCKEY UNDERWEAR IS OUR PASSION
JULIET
Shop No. 57, A Market, Sec-6 Bhilai
Om Prakash
9926004441, 0788-2284341

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

मिस एंड मिसेस लेडिस वेयर
• गाऊन • ब्रा. पेन्टी • नाईटी • ब्लाउज
सभी प्रकार के अंडरगारमेंट्स की विशाल रेंज
शॉप नं-113, सेक्टर-6, ए मार्केट भिलाई

न्यू अप्सरा साड़ी सेन्टर
घाघरा, चुन्नी, कुर्ती, डिजाइनर साड़ियां सलवार सूट
सेल्स गर्ल की आवश्यकता है
शॉप 151, ए-मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन-2284063

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

### भव्य होगी भोले की बारात

# प्रदेश के साथ अन्य राज्यों की झांकी करेगी शिरकत, लेजर शो रहेगा आकर्षण का केन्द्र

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति भिलाई द्वारा एक मार्च को महाशिवरात्रि के मौके पर भगवान शिव की बारात निकाली जाएगी। इस बार बारात के लिए समिति द्वारा 21 हजार लोगों को न्योता देने का दावा किया गया है। वहीं कुछ अलग प्रयास के तहत इस बार लेजर शो कराया जाएगा। बोलबम सेवा एवं कल्याण समिति के अध्यक्ष दया सिंह ने प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी।**



दया सिंह ने बताया कि बाबा की बारात इंदिरा नगर हथखोज से निकाली जाएगी। ट्रांसपोर्ट नगर होते हुए, केनाल रोड, बोल बम चौक, नंदी तिराहा, जोन-1 शिव मंदिर, जोन-2 श्रीराम चौक होते हुए दुर्गा मैदान खुर्सीपार स्थित विवाह स्थल पर समाप्त होगी। यहां भोलेनाथ का विवाह संपन्न कराया जाएगा। इसके बाद भोग भंडारा भी होगा। महाशिवरात्रि पर शिव की बारात का भिलाई में यह 13 वां साल है।

### लेजर शो के माध्यम से दिखाए जाएंगे भोलेनाथ व जय श्रीराम के जयकारे

बोलबम सेवा एवं कल्याण समिति द्वारा इस साल बारात में कुछ अलग करने का प्रयास किया गया है। इसी के तहत झांकियों के साथ लेजर शो का भी प्रमुख आकर्षण होगा। यह लेजर शो मुंबई के तकनीशियनों द्वारा किया जाएगा। जिसमें आसमान पर भगवान भोलेनाथ व जय श्रीराम के साथ विभिन्न जयकारे दिखाई देंगे।

### छत्तीसगढ़ की 121 झाकियों के साथ अन्य राज्यों की झांकी भी होगी शामिल

बारात के साथ केरल की 6 झांकिया होंगी। जिसमें शिव पार्वती, गणेश, हनुमान सहित अन्य देवी-देवताओं के स्वरूप में कलाकार शामिल होंगे। विजयवाडा आंध्रप्रदेश से भी इस बार 6 अलग-अलग झांकियां शामिल की गई हैं। इन झांकियों में भी भगवान के विभिन्न रूप दर्शाए जाएंगे। इसके अलावा छत्तीसगढ़ की 121 झांकियां शामिल की जाएंगी। दुर्ग-भिलाई, रायपुर, राजनांदगांव, बालोद-बेमेतरा, सिमगा सहित प्रदेश के अन्य क्षेत्रों से यह झांकियां शामिल होंगी।

इसके अलावा झांकियों में रामदरबार, श्रीकृष्ण लीला, हनुमान, शिव तांडव स्वरूप, शिव -पार्वती विवाह, शेषनाग, नरसिंह अवतार, मां काली का स्वरूप, राधाकृष्ण की प्रेमलीला प्रमुख आकर्षण होंगे। इसके अलावा झांकियों में विभिन्न कलाकार देवी-देवताओं के स्वरूप में शामिल होंगे। बारात में राउत नाचा, अखाड़ा, पंथी नृत्य, डीजे, घुमाल व बैंड की धुन भी साथ होगी।

# पल्स पोलियो अभियान: गृहमंत्री ने किया जिला अस्पताल में पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत

### पोलियो मुक्त राष्ट्र की परिकल्पना में दे अपनी सहभागिता

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। दुर्ग जिले में राष्ट्रीय सधन पल्स पोलियो अभियान कि शुरूवात जिला अस्पताल में गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, विधयाक दुर्ग अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष शालिनी यादव, जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख के द्वारा बच्चो को दो बूंद पोलियो ड्राप पिलाकर किया गया। जिले में 5 वर्ष तक के लगभग 5 लाख बच्चों को अभियान के तहत पोलियो खुराक पिलाई जाएगी।**



गृह मंत्री ने प्रदेश एवं जिले के नागरिकों से अपील की है कि पोलियो मुक्त राष्ट्र की परिकल्पना को साकार करने सभी अपनी संकल्पित सहभागिता प्रदान करें। यह सुनिश्चित करें कि उनके घर एवं आसपास के 0-5 वर्ष के सभी बच्चों ने पोलियो की दो बूंद खुराक पी ली है। राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियों अभियान के शत-प्रतिशत सफ्लता हेतु जिले के समस्त विकास खंड में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं मितानिनों को पल्स पोलियो अभियान का प्रशिक्षण पूर्व में दिया गया है।

जिले में राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान को सफ्लतापूर्वक सम्पन्न करने के लिए जिले में कुल 1010 स्थाई, 28 अस्थाई एवं 13 चलित (मोबाईल) इकाईयां कार्य सम्पादित करेगी। इन दलों के कार्यों के निरीक्षण हेतु 202 सुपरवाईजरों को नियुक्त किया गया है। जिले में 25 चलित इकाईयों द्वारा बाड़ियों, ईंटाभट्टों, खदानों, उच्च जोखिम क्षेत्रों में रहने वालों तथा जेल, अस्पताल नर्सिंग होम में भर्ती बच्चों तथा नवजातों को दो बूंद जिंदगी के पिलाए जाएंगें। इसी प्रकार अस्थाई दल द्वारा रेल्वे स्टेशन, बस स्टैंड में आने-जाने वाले बच्चों को सुरक्षित किया जावेगा।

28 फरवरी एवं 01 मार्च को दल द्वारा घरों में भ्रमण कर शेष छूटे हुए बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर बायं हाथ की छोटी ऊंगली में पोलियो मार्कर पेन से निशान लगाया जाएगा। सभी जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, इंडियन पिडियाट्रिक एसोसिएशन, पंचगणों, सरपंचों, वार्ड पार्षदों पत्रकार बंधुओं एवं समस्त जनता से अपील किया गया है, कि पिछले चक्रों की भांति इस अभियान में अपनी संकल्पित भागीदारी निभायें।

## खास - खबर

### पढ़ई तुहर द्वार पोर्टल में नायक के रूप में चयनित हुई शारदा

**दुर्ग।** पढ़ई तुहर द्वार पोर्टल में हमारे नायक के रूप में सु के शारदा को दूसरी बार चयनित किया गया। जिले से शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खेदामारा, संकुल-बासीन विकासखण्ड एवं जिला दुर्ग की शिक्षिका सु के शारदा पढ़ाई तुंहर दुआर अभियान में 100 दिवसीय पठन एवं गणितीय कौशल विकास अभियान, सप्ताह 7, स्तर 3 गणित आधारित वीडियो बनाये। इसके लिए सु शारदा को हमारे नायक में दूसरी बार स्थान मिला। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पढ़ई तुंहर दुआर के अंतर्गत 100 दिवसीय भाषा एवं गणितीय पठन कौशल के अंतर्गत नायक का चयन किया जा रहा है। इन शिक्षकों ने लगातार गतिविधि आधारित वीडियो का निर्माण कर बच्चों को सीखने की प्रक्रिया को जारी रखा। कोरोना काल में भी लगातार नवाचार कर शिक्षा का कार्य जारी रखा गया।

### निगम क्षेत्र में 1 मार्च तक बनाए जाएंगे राशन कार्ड

**दुर्ग।** नगर निगम क्षेत्र में शिविर लगाकर लोगों का एपीएल व बीपीएल राशनकार्ड बनाया जा रहा है। इसके लिए 18 फरवरी से लेकर 1 मार्च तक अलग-अलग वार्डों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में हितग्राही इसका लाभ उठा रहे है। जिसमें छूटे हुए लोगों को राशन कार्ड बनवाने एवं पेंडिंग राशन कार्ड का निराकरण कराने के लिए हितग्राही आवदेन लेकर पहुँच रहे है। इसमे आज शिविर में कुल 71 आवेदन प्राप्त हुए है,एपीएल कार्ड के 37 एवं बीपीएल कार्ड के 34 आवेदन हितग्राहियो ने जमा किया है। अब तक एपीएल 268 एवं बीपीएल 171 कुल 439 लोगों ने राशनकार्ड बनवाने दिया आवेदन:निगम क्षेत्र में बनाए जा रहे राशनकार्ड बनाने के लिए लंबित आवेदनों की नियमित समीक्षा के तहत भौतिक सत्यापन एवं पात्रता की जांच कर आगामी कार्यवाही की जाएगी। राशन कार्ड बनाने के लिए तथा लंबित आवेदन का शीघ्र निराकरण करने के साथ ही शिविर में नया एपीएल व बीपीएल राशनकार्ड बनाने के लिए आवेदन लिया जाएगा। लोगों को इससे सबंधित कार्य में किसी तरह की कोई परेशानी न हो इसके लिए निगम अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

# सेवा सदस्यों का दुर्घटनाजनित निधन के लिए एक मार्च से 50 लाख का बीमा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। स्टील इम्पलाईज वेलफेयर एसोसिएशन (सेवा), भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत् कार्मिकों की एक कल्याणकारी संस्था है। सेवा द्वारा समय-समय पर अपने सदस्यों को अधिक से अधिक आर्थिक सहायता प्रदान करने का प्रयास किया जाता रहा है।**

इसी परिपेक्ष्य में दिनांक 12 फरवरी 2022 को सम्पन्न सेवा शासी निकाय की मासिक बैठक में सेवा सदस्यों के दुर्घटनाजनित निधन के लिए सामूहिक बीमा कवरेज प्राप्त करने हेतु बीमा आईसीआईसीआई लोमबार्ड जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड से दिनांक 01 मार्च 2022 से 28 फरवरी 2023 (एक वर्ष) की अवधि के लिए कराने का निर्णय लिया गया है। इस हेतु बीमा प्रीमियम रू. 1078 प्रति सेवा सदस्य (जीएसटी सहित) देय होगा जिसमें 50 लाख रूपए का बीमा कवरेज प्राप्त होगा। सेवा सदस्यों की बीमा प्रिमीयम की राशि, मार्च 2022 माह के वेतन जो कि अप्रैल 2022 में देय है उस वेतन से कटौती किया जायेगी।

सेवा के अध्यक्ष सीजीएम (पर्सनल) मति निशा सोनी ने बीमा के प्रिमीयम राशि का चेक लोमबार्ड जनरल इंश्योरेंस कंपनी के प्रतिनिधि को सौंपा। इस अवसर पर सेवा के सचिव एवं महाप्रबंधक (एचआरडी) अमूल्य प्रियदर्शी तथा सेवा के अन्य पदाधिकारीगण सर्व बृज बिहारी मिश्रा (उपाध्यक्ष), गोविंदन राजेष (कोषाध्यक्ष), नंदकिषोर व हरी राम यादव (संयुक्त सचिव) एवं कार्यकारिणी सदस्य मति सोनाली मुखर्जी, विजय कुमार मिश्र, कृष्णानंद राय, शैलेष कुमार सिंह, आर के चौहान, वी एस जॉर्ज, मुकूल वर्मा, सच्चिदानंद पांडेय उपस्थित थे। जीपीएआईएस बीमा पालिसी की अवधि दिनांक 01 मार्च 2022 से 28 फरवरी 2023 के बीच सेवानिवृत्त होने वाले सेवा सदस्य पालिसी अवधि के दौरान बीमित रहेगा। इस सामूहिक दुघर्टना बीमा पालिसी जीपीएआईएस में पॉलिसी में सदस्य के दुर्घटनाजनित निधन के अलावा स्थायी पूर्ण अपंगता स्थायी आंशिक अपंगता होने पर भी पॉलिसी के नियम व शर्तो के अनुसार बीमा राशि देय होगा।

# उड़िया बस्ती में गंदगी : विधायक ने नाराजगी जताई, सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने निर्देश

- सफाई व्यवस्था का जायजा लेने वार्डों का भ्रमण करें निगम कमिश्नर और स्वास्थ्य अधिकारी
- हर बस्ती, मोहल्ले और कॉलोनी की सफाई व्यवस्था बेहतर करना जरूरी : दीवारों पर स्लोगन लिखने से नहीं चलेगा काम

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** रायपुर नाका अंडरब्रिज का निरीक्षण करने पहुंचे विधायक अरुण वोरा ने पटरीपार एरिया में वार्ड 19 के नागरिकों के आग्रह पर उडिया बस्ती की समस्याओं का जायजा लिया। बस्ती में गंदगी देखकर वोरा ने नाराजगी जताई। वार्ड के नागरिकों ने बस्ती का नल दिखाते हुए कहा कि यहां जमीन के नीचे पाइप डालने से पानी मिल पाता है। वोरा ने नगर निगम के अफ्सरों को साफ-सफाई और पेयजल सप्लाई की व्यवस्था तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिये हैं। उड़िया बस्ती सहित शहर की सभी बस्तियों में सफाई व्यवस्था बेहतर होना चाहिए। नागरिकों ने बताया कि यहां कई हफ्ते तक सफाई कर्मचारी नहीं आते हैं। वोरा ने इस पर गहरी कड़ी नाराजगी जताई। स्थानीय नागरिकों ने सार्वजनिक शौचालय, पोल शिफ्टिंग, विवाह आदि कार्यक्रमों के लिए सामुदायिक भवन निर्माण की मांग भी की। कई नागरिकों ने विधायक से जमीन का पट्टा दिलाने की गुहार लगाई। वोरा ने कहा कि सभी समस्याओं का शीघ्र निराकरण किया जाएगा।


वोरा ने नागरिकों की समस्याएं सुनने के बाद निगम के स्वास्थ्य अधिकारी गिरीश दीवान को फोन पर बस्ती की सफाई व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिये। उन्होंने निगम कमिश्नर से कहा है कि स्वास्थ्य अधिकारी, निरीक्षक सहित स्वच्छता से जुड़ा अमला हर वार्ड, मोहल्ला और स्लम बस्तियों का निरीक्षण करें और हर एरिया की सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराएं। स्वच्छता अभियान केवल दीवारों पर स्लोगन लिखने से सफ्ल नहीं होगा।

जमीनी स्तर पर सफाई की व्यवस्था होनी चाहिए। वार्ड भ्रमण के दौरान एल्डरमेन राजेश शर्मा, अंशुल पांडेय, पप्पू श्रीवास्तव सहित स्थानीय नागरिक मौजूद थे।

# एक लाख ग्रामीण घरों में शुद्ध पेयजल पहुंचाने जलजीवन मिशन का कार्य मिशन मोड पर करना बड़ी जिम्मेदारी - कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। जल जीवन मिशन की क्रियान्वयन सहायता एजेंसियों की कार्यशाला को संबोधित करते हुए कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने एजेंसी के कार्यकर्ताओं को उपयोगी टिप्स दिये। उन्होंने कहा कि मिशन का लक्ष्य लोगों तक पर्याप्त शुद्ध पेयजल पहुंचाने के साथ ही स्थायी रूप से पेयजल की व्यवस्था भी बनाना है।**



इसके लिए तकनीकी काम पीएचई विभाग करेगा, लोगों के बीच जागरूकता फैलाने का कार्य आईएसए( क्रियान्वयन सहायता एजेंसी) करेगी। उन्होंने कहा कि मिशन अपने उद्देश्यों में तभी सफ्ल होगा जब हम लोगों को इस बारे में पर्याप्त जागरूक कर पाएंगे कि अन्य संसाधनों की तरह भूमिगत जल भी संसाधन है। इसका उचित उपयोग करें तो यह हमेशा के लिए उपलब्ध होगा। इसके लिए जरूरी है कि उपयोग की मात्रा के अनुरूप ही पानी का इस्तेमाल करें और सोख्ता गड्ढों के माध्यम से इसका रिचार्ज भी करते रहें। उन्होंने कहा कि अधिकतर स्थलों में स्पाट सोर्स का उपयोग होगा। स्पाटसोर्स की प्रभाविता भूमिगत जल के रिचार्ज पर निर्भर करेगी। क्रियान्वयन सहायता एजेंसियों की अहम भूमिका इस बात में होगी कि लोगों को सोख्ता गड्ढों के लिए प्रेरित करें। इसके साथ ही व्यर्थ पानी के उपयोग के लिए बाड़ी भी लगाने लोगों को प्रेरित करें। इससे पानी का भी प्रभावी उपयोग होगा और सब्जी भाजी भी मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि कुछ छोटी-छोटी बातें भी लोगों को बतानी जरूरी है, जैसे टूल्लू पंप इसके लिए प्रभावी नहीं रहेगा। आप इस तरह की बातों को उदाहरण के माध्यम से बताएंगे तो लोगों को बेहतर तरीके से समझ आएगा। उन्होंने कहा कि लगभग एक लाख ग्रामीण परिवारों को अगले एक साल चार महीने के भीतर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है। आप लोग जितनी मेहनत करेंगे, शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का यह पुनीत कार्य उतना ही सफ्ल होगा। जलजीवन मिशन के स्टेट नोडल आफिसर कैलाश मढ़रिया ने कहा कि आईएसए की तीन दिनों की ट्रेनिंग काफी अच्छी हुई है। दुर्ग जिला मिशन के क्रियान्वयन में अग्रणी रहा है। आगे भी इस दिशा में अच्छा कार्य होगा। पीएचई के अधीक्षण अभियंता राजेश गुप्ता ने कहा कि तकनीकी पक्षों के साथ ही जलजीवन मिशन के साथ भागीदारी के लिए ग्रामीणों को तैयार करने आईएएस की बड़ी भूमिका होगी।

यह प्रशिक्षण इस दिशा में बहुत उपयोगी होगा। मिशन के सचिव एवं कार्यपालन अभियंता समीर शर्मा ने कहा कि आईएसए बहुत उत्साही हैं और इन्हें अपने काम की गहरी समझ है। ट्रेनिंग के बाद यह फील्ड में और बेहतर तरीके से काम कर पाएंगे। इस दौरान रिसोर्स परसन के रूप में समर्थन और यूनिसेफ की टीम भी मौजूद रही।

# नहीं रहे पत्रकार केदारनाथ महानंद

श्रीकंचनपथ न्यूज

### उड़िया समाज व पत्रकार बिरादरी ने जताया शोक



**भिलाई।** पत्रकारिता के साथ अखिल भारतीय उड़िया समाज के अध्यक्ष के रूप में विशिष्ट पहचान रखने वाले केदारनाथ महानंद का 50 साल की उम्र में निधन हो गया। उन्हें दुबारा पैरालिसिस अटैक के बाद श्री शंकराचार्य हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। जहां आज सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन पर उड़िया समाज और पत्रकार बिरादरी ने शोक व्यक्त किया है।

बापू नगर खुर्सीपार निवासी केदारनाथ महानंद लंबे समय से पत्रकारिता से जुड़े रहे। इसके साथ ही उन्होंने अखिल भारतीय उड़िया समाज के संस्थापक अध्यक्ष के रूप में अपनी कार्यशैली से समाज में विशिष्ट पहचान हासिल की थी। आज उनके निधन की खबर मिलते ही उड़िया समाज सहित पत्रकार बिरादरी में शोक की लहर छा गई।

दिवंगत पत्रकार केदारनाथ महानंद का अंतिम संस्कार आज ही छावनी मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे पत्नी सहित दो पुत्र व दो पुत्रियां छोड़ गए हैं। उनके आकस्मिक निधन पर न्यू प्रेस क्लब ऑफ भिलाई नगर के पदाधिकारियों और सदस्यों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिवार के संबलता की कामना की है।

# हैचरी यूनिटों की बन रही श्रृंखला से ग्रामीण महिलाएं भी बन रही उद्यमी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। जिला पंचायत दुर्ग ने हैचरी यूनिट के माध्यम से एक नए अध्याय की शुरुआत की है।जिले के तीनों विकासखंड में गौठान को चिन्हित कर कुकुट पालन के साथ हैचरी यूनिट की शुरुआत भी की गई है। जिसके लिए दुर्ग विकासखंड में थनौद, पाटन में गाड़ाडीह,धमधा में बोरी मेहैचरी यूनिट की स्थापना की गई है।**



हैचरी यूनिट के माध्यम से एक पारिस्थितिक तंत्र स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। जिसमें अंडे से तो चूजेंतो निकलेंगे ही और भविष्य में एक ऐसे चक्र का निर्माण किया जाएगा जिसमें मुर्गियों से अंडे प्राप्त कर एक पूर्ण चक्र निर्मित किया जा सके जैसा कि बड़े-बड़े पॉल्ट्री प्लेटफार्मों में किया जाता है।जिले में विभाग द्वारा गौठान में जों विभिन्न नवाचार अपनायाए जा रहें हैं और जिस पारिस्थितिक तंत्र का निर्माण किया जा रहा है निसंदेह इससे गौठान में कार्य करने वाली महिलाओं और स्व सहायता समूह की तस्वीर और तकदीर दोनों बदल रही है। दुर्ग जिला पंचायत ने शासन की नरवा गरवा घुरवा बाड़ी योजना को एक नई दिशा दी है।जिला पंचायत अपने प्रयोगों से लगातार साबित कर रहा है कि वह योजनाओं के साथ नवाचार का समावेश करने में राज्य में सबसे आगे है। ग्राम थनौद के गौठान में स्थापित हैचरी यूनिट जो कि संभवता देश का पहला गौठान में स्थापित हैचरी यूनिट है, में कार्य करने वाली अमर महिला स्व सहायता समूह ने 21 दिन के चक्र में 300 अंडे में से 225 चूजे उत्पादित कर 75प्रतिशत सफलता हासिल की है।

यह छत्तीसगढ़ शासन की योजना की देन ही है कि आज गौठानों में कार्य करने वाली महिलाएं उद्यमी के रूप में अपने जीवन के इस अध्याय को गढ़ पा रही हैं। ग्राम थनोद गौठान कि अमर स्व सहायता समूह की महिलाएं, ग्राम गाड़ाडीह से जय मां चंडी महिला स्व सहायता समूह की महिलाएं और ग्राम बोरी से राधे स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उन चुनिंदा महिलाओं में से एक हैं जो गांव में अपने घर के दहलीज से और खेत से बाहर कदम रख सफल उद्यमी के रूप में अपने आप को स्थापित करने के लिए तैयार हैं।

तीनों स्वा सहायता समूह थनौद से अमर महिला स्व सहायता समूह, गाड़ाडीह से जय मां चंडी महिला स्व सहायता समूह और बोरी से राधे स्व सहायता समूह की महिलाओं ने हैचरी यूनिटपर अपना अनुभव साझा किया। थनौद से अमर महिला स्व सहायता समूह की पूर्णिमा धनकर बताती हैं कि थनौद गौठान में 29 जनवरी कार्य का शुभारंभ किया गया जिसमें प्रशिक्षण प्राप्त करना उनके लिए सदैव अविस्मरणीय रहेगा। उन्होंने बताया कि 18वें दिन में ही अंडे से चुजें निकलने की शुरुआत हो गई।

# पर्यावरण समन्वयकों की राजभाषा कार्यशाला सह संगोष्ठी का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के पर्यावरण प्रबंधन विभाग द्वारा पर्यावरण समन्वयकों की राजभाषा कार्यशाला सह संगोष्ठी का आयोजन दिनांक 25 फरवरी 2022 को इस्पात भवन, द्वितीय तल सभागार में किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक (पर्यावरण प्रबंधन) दिब्येन्दु लाल मोइत्रा उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रमोद कुमार अग्रवाल, सु उमा कटोच, महाप्रबंधक (पर्यावरण), के प्रवीण, महाप्रबंधक (पर्यावरण), संजय अग्रवाल, उप महाप्रबंधक (पावर प्लांट), सु बी अनुराधा, सहायक महाप्रबंधक (पर्यावरण) तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

आरम्भ में अतिथियों का पुष्प-गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया एवं विभागीय राजभाषा समन्वय अधिकारी सु बी अनुराधा, सहायक महाप्रबंधक (पर्यावरण) ने विभागीय राजभाषा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, कार्यक्रम के आरम्भ में पर्यावरण संबंधी 'हरित प्रतिज्ञा' की शपथ दिलाई गई व सामान्य ज्ञान पर आधारित हिंदी भाषा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर 10 प्रतिभागियों को विजेता घोषित किया गया और पुरस्कार वितरित किए गए।

प्रथम पुरस्कार आशीष राजपूत, ओसीटी, पर्यावरण प्रबंधन, द्वितीय पुरस्कार मोहन सिंह, सीनियर टेक्नीशियन, पर्यावरण तथा तृतीय स्थान पर सजल कुमार देब, मास्टर टेक्नीशियन ने प्राप्त किया। प्रोत्साहन पुरस्कार विजेता रहे सुनील वाल्मीकि, सीनियर ऑपरेटिव, सिंटर प्लांट-3, टी कामेश्वर राव, वरिष्ठ प्रचालक, एसएमएस-2।

सराहनीय प्रयास के लिए इन्हें भी सम्मानित किया गया जिनमें शामिल हैं के प्रवीण, महाप्रबंधक (पर्यावरण), फज़ल खान, ओसीटी, (पर्यावरण), खेदूराम बंजारे, सीनियर टेक्नीशियन (पर्यावरण) एवं के राम, सीनियर टेक्नीशियन, (जल प्रबंधन)। बी डंडासी, एसीटी (पावर प्लांट) ने कविता 'सुरक्षा घर से घर तक' की प्रस्तुति दी एवं मोहन सिंह, सीनियर टेक्नीशियन ने भिलाई इस्पात संयंत्र में पर्यावरण अतीत से अब तक के विषय में अपने विचार रखे। कार्यक्रम में पर्यावरण प्रबंधन विभाग द्वारा विभिन्न विभागों में कार्यरत पर्यावरण समन्वयकों को संयंत्र व समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता का प्रसार व प्रदूषण संबंधी समस्याओं का समाधान ढूंढने में महत्वपूर्ण योगदान हेतु सम्मानित किया गया। सम्मानित पर्यावरण समन्वयकों में शामिल हैं-रमेश दौने, सीनियर टेक्नीशियन, कोक ओवन एवं कोल केमिकल, टी कामेश्वर राव, डी के वर्मा, उप महाप्रबंधक, आरएमपी-3, बी. डंडासी, एसीटी, पावर प्लांट, के आर बंजारे, सीनियर टेक्नीशियन, पर्यावरण है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950